गैरसैंण,सोमवार
19 मई 2025
वर्षः 17
अंकः 27 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गंगनहर में डूब रहे बुजुर्ग की जलवीर ने बचाई जान

रुड़की। गंगनहर किनारे बैठकर स्नान कर रहा एक बुजुर्ग पैर फिसलने से नहर में गिर पड़ा। जब वह पानी में डूबने लगा तो लोगों ने शोर मचा दिया। मौके पर पहुंचे मोनू जलवीर ने युवक की जान बचाई। रविवार को रुड़की सोलानी पार्क के समीप गंगनहर में एक बुजुर्ग स्नान कर रहा था। अचानक बुजुर्ग का पैर फिसल गया और वही पानी के तेज बहाव में फंस कर डूबने लगा। तभी आसपास के लोगो ने शोर मचा दिया। सूचना पर तुरंत पहुंचे मोनू जलवीर ने गंगनहर में डूब रहे बुजुर्ग को कुछ दूरी पर जाकर छलांग लगाकर सकुशल बचा लिया। सूचना पर सिसिल लाइंस पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस पुछताछ में बुजुर्ग ने अपना नाम मोमिन बताया है। कोतवाली प्रभारी मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बुजुर्ग के परिजन से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हरिद्वार के होटल में दिल्ली के यात्री से मारपीट, केस दर्ज

हरिद्वार। दिल्ली के यात्री से हरिद्वार के होटल में मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें हरिद्वार में एक होटल में प्रताड़ित किया। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया। पीड़ित ने शाहदरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले को जांच के लिए हरिद्वार ट्रांसफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता दिल्ली के शाहदरा निवासी राजेश यादव और सुनीता यादव ने आरोप लगाया है कि वे इसी साल 13 फरवरी को हरिद्वार में धार्मिक अनुष्ठान करने गए थे। रात में लगभग 2:30 बजे सीमा, सिमरन, सौरभ यादव और आकाश ने होटल के कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की और उनके फोन छीन लिए। आरोपियों ने कथित तौर पर उन्हें कार में बैठाकर दिल्ली लाया और वहां भी उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की और शिकायतकर्ताओं से पूछताछ की। जांच में पाया गया कि घटना हरिद्वार में हुई थी, इसलिए मामला हरिद्वार सिटी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है। पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को हरिद्वार शहर कोतवाली को भेज दिया है। इंस्पेक्टर रितेश शाह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### आंधी तूफान ने मचाई तबाही

चम्पावत। जिला मुख्यालय के चैकुनी बोरा ग्राम पंचायत में शनिवार को शाम के समय आए आंधी तूफान ने तबाही मचा कर रख दी। इस दौरान एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया है। जिला मुख्यालय स्थित चैकुनी बोरा ग्राम पंचायत में रामी राम पुत्र जीतराम का आवासीय घर और गौशाला आंधी तूफान में उड़ गई। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया है। ग्राम प्रधान प्रशासक मनोज बोहरा ने बताया कि आंधी तूफान से हुए नुकसान की जानकारी जिला प्रशासन को दे दी गई है। बताया कि रामी राम की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। आंधी तूफान आने से उनका आवासीय घर और गौशाला की छत उड़ने से काफी नुकसान हुआ है।

### दूल्हे ने दुल्हन को ऐसी गंदी बात बोल दी कि शादी ही टूट गई

हरिद्वार। शादियां का सीजन आजकल चल रहा है तो दूसरी ओर शादी को लेकर तैयारियां भी पूरी जोरों पर भी चल रहीं हैं। दूल्हा और दुल्हन के पक्ष के लोग शादी की शॉपिंग करने में भी बिजी हैं। इसी के बीच हरिद्वार से एक बहुत ही ज्यादा हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शादी से ठीक पहले दूल्हे ने दुल्हन को ऐसी गंदी बात बोल दी कि शादी ही टूट गई है। दोनों के बीच तकरार का मामला पुलिस तक पहुंच गया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र की एक लड़की से सगाई के बाद दहेज की मांग करने के बाद रिश्ता टूट गया। आरोप है कि युवक ने यहां आकर लड़की से शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास कर छेड़खानी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रानीपुर की रहने वाली एक युवती ने शिकायत कर बताया कि उसकी सगाई 19 नवंबर 2024 को विचित्र शिवा निवासी जाटव नगर, थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर से हुई थी। आरोप है कि होली के दौरान युवक युवती के घर आया और शादी का हवाला देते हुए जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की।

## सीएम धामी ने किया जे. पी नड्डा के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर जोरदार स्वागत



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी नड्डा के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद भेंट किए।

## खटीमा के युवक ने खुदकुशी की, पांच दिन बाद दी तहरीर


रुद्रपुर। खटीमा के बूढ़ाबाग निवासी एक युवक ने 12 मई को फांसी लगाकर जान दे दी। युवक ओमान में नौकरी करता था और आठ मई को अपने घर आया था। परिजनों ने पुलिस बिना बताए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अचानक यह मामला सोशल मीडिया में सुखियों में आ गया। इसके बाद शनिवार को परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने की आशंका जताई गई है। साथियों ने बताया कि पिथौरागढ़ का एक युवक ब्लैकमेल कर रहा था। बूढ़ाबाग निवासी 27 वर्षीय गौरव कुमार लोहिया पुत्र स्वर्गीय दयालु राम ओमान में नौकरी करता था। वह आठ मई को अचानक घर आया और 12 मई की रात को उसने किसी समय फांसी लगा ली। उस समय घर पर पत्नी और दो साल की बेटी थी। ग्राम प्रशासक वीरेंद्र राज ने बताया कि परिवार वालों का कहना था कि जब वह घर आया तो उसने ओमान में उसके साथियों के साथ कोई हादसा होने और उसके जल्दी वापस नहीं जाने पर उनके साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई थी। उन्हें लगा कि हो सकता है किसी परेशानी की वजह से गौरव ने आत्महत्या की हो, इसलिए परिजनों ने 13 मई को बगैर पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुले



श्रीनगर गढ़वाल। चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ के कपाट रविवार को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। 11500 फिट की ऊंचाई पर स्थित भगवान रुद्रनाथ के कपाट रविवार को प्रातः ब्रह्म मुहुर्त में मंत्रोच्चार के बीच खुल गये हैं। रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी सुनील तिवारी ने विधि-विधान के साथ कपाट खोले। भगवान रुद्रनाथ के मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में पहुंचे शिव भक्तों ने हर-हर महादेव, बम-बम भोले और जय बाबा रुद्रनाथ के जयकारे लगाए। रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुलने से पूर्व पूरे मंदिर परिसर को हजारों फूलों से सजाया गया। शिव भक्त 20 किलोमीटर पैदल चल कर मंदिर तक पहुंचे। मुख की होती है पूजा चतुर्थ केदार के रूप में पंचकेदारों में विशिष्ट स्थान रखने वाले रुद्रनाथ मन्दिर में भगवान शिव के "एकनान" स्वरूप यानी मुख की पूजा होती है। कपाट खुलने के साथ ही अगले पांच माह तक रुद्रनाथ मंदिर में भगवान की नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र स्थल के दर्शन कर सकेंगे और भगवान रुद्रनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। हर हर महादेव के जयकारे लगे प्रातः 4 बजे रुद्रनाथ के कपाट खुले। 4.10 से कपाट खुलने के बाद की धार्मिक क्रियाओं का निर्वहन किया गया। जैसे ही भगवान के मुखमंडल के दिव्य दर्शन हुये चारों ओर से जय जय रुद्रनाथ बम बम भोले, हर हर महादेव के जयकारे लगे। इसके तत्काल बाद भगवान का विभिन्न जल धाराओं से स्नान किया गया और श्रृंगार की प्रक्रिया आरम्भ हुयी। श्रृंगार अभिषेक के बाद रुद्राभिषेक हुआ। दिव्य आरती और शंखनाद किया गया। कपाट खुलने के बाद इस वर्ष का पहला यज्ञ और रुद्रीपाठ भगवान के चरणों में किया गया। प्रसाद स्वरूप में भगवान के श्री विग्रह से प्राप्त हिमालयी पुष्पों और वनस्पतियों को दिया गया और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## हेलीकॉप्टर के शोर से बदरी–केदारनाथ धाम में देवताओं का प्रकोप! तीर्थ पुरोहित चिंतित



रूद्रप्रयाग। देवभूमि में आए दिन हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के तीर्थ पुरोहित देवताओं की नाराजगी का परिणाम बताते हैं। उनका कहना है कि साधना के इस शांतिप्रिय क्षेत्र में हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से देवता नाराज हैं।हेलीकॉप्टरों को जिस तरह धामों के ऊपर से उड़ाया जा रहा है, वह किसी अनिष्ट का संकेत है। इस पर सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही तीर्थ पुरोहितों का यह भी कहना है कि जिस प्रकार हेलीकॉप्टर ताबड़तोड़ आवाजाही कर रहे हैं, उससे उनके मेंटीनेंस के साथ संचालन में भी लापरवाही सोचनीय विषय है।श्री बदरीश पंडा पंचायत के सचिव रजनीश मोतिवाल का कहना है कि देवभूमि तपस्या और आराधना के लिए जानी जाती है। यहां की शांत वादियों में हेलीकॉप्टर का शोर व्यवधान पैदा कर रहा है, जिससे देवता खुश नहीं हैं। जिस प्रकार हेलीकॉप्टर दिनभर यहां आवाजाही कर रहे हैं, उससे इनकी मरम्मत को लेकर भी लापरवाही हो रही है। यह भी हेली दुर्घटना का कारण हो सकता है, लिहाजा इसकी जांच की जानी चाहिए।

**हेलीकॉप्टर से हुई थी पुष्प वर्षा**

उत्तराखंड चारधाम तीर्थपुरोहित महापंचायत के महासचिव डा. बृजेश सती ने कहा कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन जिस प्रकार बदरीनाथ मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा के नाम पर हेलीकॉप्टर घुमाया गया, वह आस्था के साथ खिलवाड़ था। इसका विरोध किया जाना जरूरी है।कहा कि भगवान नारायण ध्यान मुद्रा में हैं। धाम में साधु-संत और श्रद्धालु तप व पुण्य अर्जित करने के लिए आते हैं, लेकिन हेलीकॉप्टरों का शोर यहां की शांति को भंग कर रहा है। स्वभाविक है कि अगर पूजा-आराधना व ध्यान में व्यवधान आएगा तो देवता नाराज होंगे ही। ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति के अध्यक्ष उमेश सती का कहना है कि तीर्थ व धामों की मर्यादा के अनुसार ही कार्य किया जाना चाहिए।

**कई बार उड़ान प्रतिबंधित करने का अनुरोध**

वहीं, चारधाम महापंचायत के उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने कहा कि पूर्व में कई बार सरकार व प्रशासन को केदारनाथ मंदिर के ऊपर से हेलीकॉप्टर की उड़ान प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया। जबकि, मंदिर के ऊपर से हेलीकॉप्टर की गुजरना धार्मिक दृष्टि से शुभ नहीं है।कहा कि केदारनाथ में लगातार हो रही हेली दुर्घटनाओं की वजह नियम-कानून को ताक पर रखने के साथ ही परंपराओं के विरुद्ध उड़ान भरना भी है। तीर्थ पुरोहित पंकज शुक्ला ने कहा कि केदारनाथ में मंदिर के ठीक पीछे वीआइपी हेलीपैड बनाया गया है। यहां जो भी हेलीकॉप्टर उतरता है, वह मंदिर के ऊपर से होकर गुजरता है, जो की उचित नहीं है।

## डोभाल ने ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव से की बात

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव डॉ. अली अकबर अहमदियन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने खासकर व्यापार, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। भारत में ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने इस्लामी गणराज्य ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव और सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ. अली अकबर अहमदियन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, डोभाल ने क्षेत्र में ईरान की रचनात्मक भूमिका पर जोर दिया और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने विशेष रूप से चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) के विकास में भारत की रुचि प्रकट की। उन्होंने ईरान को उसकी निरंतर सहायता और समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया।

## हरिद्वार हाईवे पर पॉलीथीन में लिपटा शव मिलने से मचा हड़कंप

हरिद्वार। उत्तराखंड में हरिद्वार हाईवे पर एक लड़के की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। लड़के का शव पॉलिथीन से निपटा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी ओर, मृतक के परिजनों ने मर्डर की आशंका जताते हुए पुलिस पर गहनता से जांच करने की मांग उठाई है। पुलिस जांच यह बात सामने आई है कि मृतक लड़का पिछले दो दिन से लापता था। हरिद्वार जिले के रुड़की में गंगनहर कोतवाली के रसूलपुर के हाइवे पर रविवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

युवक दो दिन पूर्व से लापता था। जिसकी परिजन तलाश कर रहे थे। युवक की मौत से परिजन पर दुखों का पहाड़ टूट पडा है। परिजन ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गंगनहर कोतवाली के सुनहरा गांव निवासी 26 वर्षीय मुन्ना पुत्र मिठवाराम परिवार की गुजर बसर के लिए ई रिक्शा चलाने का काम करता था। परिजन के मुताबिक 16 मई की सुबह वह ई रिक्शा लेकर रुड़की किराया करने आया था। लेकिन वह शाम के समय तक वापस नही लौटा तो परिजन को उसकी चिंता हुई। परिजन उसकी पूरी रात खोजबीन करते रहे। लेकिन कोई पता नही चल सका। थक हार कर परिजन ने गंगनहर थाने में उसकी गुमशुदगी की सूचना दी थी।

पुलिस भी उसकी तलाश में लगी हुई थी। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का शव रसूलपुर मैन हाईवे के निकट गहरे गड्ढे में पालिथीन में लिपटा हुआ शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई तो शव की पहचान सुनहरा निवासी मुन्ना के रुप में हुई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिजनों ने की का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने लोगो को समझा बुझाकर शांत किया।

## पूरा नहीं हो सका इसरो का 101वां मिशन, इस कारण जासूसी सैटेलाइट रही विफल



श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 101वां मिशन पूरा नहीं हो सका। लॉन्चिंग के तीसरे चरण में मोटर केस के चेंबर प्रेशर में गिरावट के कारण पीएसएलवी स्वदेशी जासूसी उपग्रह ईओएस-09 को कक्षा तक पहुंचाने में सफल नहीं हो सका। पीएसएलवी चार-चरणों वाला रॉकेट है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रविवार सुबह 5:59 बजे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) सी-61 ने अर्थ आब्जर्वेशन सेटेलाइट ईओएस-09 के साथ उड़ान भरी, लेकिन उड़ान के 12वें मिनट में इसमें तकनीकी समस्या आ गई।

तीसरे चरण में आई तकनीकी समस्या

लॉन्चिंग के बाद पीएसएलवी की उड़ान को मिशन कंट्रोल सेंटर और देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित इसरो के अन्य केंद्रों से ट्रैक किया गया। इसरो की ओर से साझा किए गए डेटा के अनुसार दूसरे चरण तक सबकुछ ठीक था, लेकिन तीसरे चरण में तकनीकी समस्या आ गई। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, हमने श्रीहरिकोटा से 101वें प्रक्षेपण पीएसएलवी-61 ईओएस-09 मिशन का लक्ष्य रखा था। दो चरणों में प्रदर्शन सामान्य रहा, लेकिन तीसरे चरण में मोटर केस के चेंबर प्रेशर में गिरावट आई, जिसके कारण मिशन सफल नहीं हो सका। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा, मैं जानता हूं कि तीसरे चरण के ठोस मोटर के विकास के दौरान हमें कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इस स्तर पर ऐसी समस्याएं फिर से उभरना असामान्य है। फिर भी मुझे विश्वास है कि टीम जल्दी और प्रभावी रूप से मूल कारण की पहचान करेगी।

## नवोदय विद्यालय की लैब अटेंडेंट परीक्षा में ब्लूटूथ से कर रहे थे नकल, 17 अभ्यर्थी गिरफ्तार

देहरादून। नवोदय विद्यालय की लैब अटेंडेंट परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल करते 17 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। यह परीक्षा सीबीएसई बोर्ड की ओर से देहरादून के दो स्कूलों में दो पालियों में आयोजित की गई थी। आरोपियों के पास से 17 ब्लूटूथ डिवाइस बरामद की गई हैं। इनके खिलाफ दो मुकदमे पटेलनगर और एक डालनवाला में दर्ज किया गया है। नकलची अभ्यर्थियों के सॉल्वर गैंग के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। सॉल्वर गैंग देहरादून से बाहर का बताया जा रहा है। इनकी तलाश में पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की ओर से पटेलनगर क्षेत्र में सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल और डालनवाला में दून इंटरनेशनल स्कूल में यह परीक्षा आयोजित कराई जा रही थी। पहली पाली की परीक्षा में सोशल बलूनी स्कूल से सूचना मिली कि एक अभ्यर्थी संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ दिखाई दिया। उसकी जांच की गई तो पता चला कि यह ब्लूटूथ डिवाइस है जिसे उसने जूते में छिपाया हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के रहने वाले सौरभ यादव नाम के अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शाम की पाली में भी यहां परीक्षा होनी थी।

## पहाड़ से मैदान तक बादल, ओलावृष्टि की चेतावनी



देहरादून। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पहाड़ से मैदान तक बादल मंडरा रहे हैं और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा के भी दौर हो रहे हैं। मैदानी क्षेत्रों में धूप और बादलों की आंख-मिचौनी के चलते उमस बेहाल कर रही है। हालांकि, कहीं-कहीं हल्की बौछारों से गर्मी से राहत है।मौसम विभाग ने अगले दो दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की आशंका जताई है। सोमवार और मंगलवार पर्वतीय क्षेत्रों में आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि व तीव्र बौछारों के साथ ही कहीं-कहीं अंधड़ चलने को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी ओलावृष्टि व अंधड़ के आसार है।

**धूप और बादलों की आंख-मिचौनी जारी**

रविवार को देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में दिनभर धूप और बादलों की आंख-मिचौनी जारी रही। हालांकि, देर शाम तक भी दून में वर्षा नहीं हुई और उमस हलकान करती रही। आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बौछारें पड़ीं। उधर, चारधाम व यात्रा मार्गों पर भी दिनभर घने बादल मंडराते रहे।

कहीं-कहीं बौछारें और ओलावृष्टि भी हुई। जिससे आसपास के क्षेत्रों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों में भी वर्षा का क्रम बना हुआ है। पिथौरागढ़ और बागेश्वर में वर्षा के दो से तीन दौर हुए। अब अगले दो दिन प्रदेश में मौसम के तेवर तल्ख हो सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि व तीव्र बौछार व अंधड़ को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा व नैनीताल में गरज के साथ ओलावृष्टि व अंधड़ की चेतावनी है। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भी झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं।

## 'हल्दी घाटी' अभ्यास ने ऑपरेशन सिंदूर में किया कमाल, पाकिस्तानी ड्रोन कैसे हो गए फुस्स



दिल्ली। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत तेजी से सैन्य तैनाती के लिए 'हल्दी घाटी' और 'ट्रोपेक्स' अभ्यास का पूरा लाभ उठाया।

हल्दी घाटी एक तरह का त्रि-सेवा युद्ध अभ्यास था, जो 18-21 अप्रैल तक किया गया। इसका मकसद तीनों सेनाओं (थलसेना, नौसेना, वायुसेना) के बीच बिना किसी रुकावट के संचार सुनिश्चित करना था। इस अभ्यास के चलते सेनाओं को आपस में संवाद मजबूत करने में बहुत मदद मिली। उसी समय भारतीय नौसेना की ओर से अरब सागर में 'ट्रोपेक्स' एक्सरसाइज चल रही थी, जिसमें नौसेना के लगभग सभी प्रमुख युद्धपोत शामिल थे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। रक्षा मंत्रालय ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में तुरंत 'हल्दी घाटी' से मिले अनुभवों को लागू किया। अधिकारियों ने तीनों सेनाओं के बीच संचार को निर्बाध बनाने के लिए सफल परीक्षण किए। 7 मई को वास्तविक हमले से पहले का समय संचार में सुलभता सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया गया। इसके अलावा, भारत-पाकिस्तान सीमा पर अग्रिम क्षेत्रों में तीनों सेनाओं के संयुक्त वायु रक्षा केंद्र स्थापित किए गए, जहां वायु रक्षा हथियार प्रणालियां और कमांड-कंट्रोल सिस्टम एक साथ लाए गए।

**पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को विफल करने में मदद**

इस संयुक्त संचार प्रणाली और वायु रक्षा नेटवर्क की सफलता ने कमाल कर दिया। 7, 8 और 9 मई को पाकिस्तानी सेना की ओर से ड्रोन हमलों का सामना करने में काफी मदद की। संयुक्त संचार के चलते दिल्ली मुख्यालय में कमांडरों को युद्धक्षेत्र की वास्तविक स्थिति की तस्वीर मुहैया कराई गई।

## बीमार पैक्सों के लिए नई नीति लाएगी सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि कोई भी पंजीकृत पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियां) बीमार न हों।

पहले से परिसमापन (लिक्विडेशन) की स्थिति में पहुंच चुकी पैक्सों के त्वरित समाधान और उनके स्थान पर नई पैक्सों के गठन के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक नई नीति लाने जा रही है।

अमित शाह रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में अहमदाबाद में आयोजित "सहकारी महासम्मेलन" को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत पैक्सों की सारी समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा। साथ ही पूरी तरह बंद हो चुकी पैक्सों के स्थान पर नई पैक्स का पंजीकरण भी कराया जाएगा।

## बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने लिया एक्शन




नई दिल्ली। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लेते हुए रेडीमेड कपड़ों समेत कई सामानों के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगाया है। यह मोहम्मद यूनुस सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। भारत के इस कदम पर विदेश मामलों के एक्सपर्ट रोबिंदर सचदेवा ने कहा कि बांग्लादेश जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए भारत के लिए कुछ सख्त कदम उठाना जरूरी था। बांग्लादेश में कुछ आंदोलन शुरू हो गए हैं, जैसे 'ग्रेटर बांग्ला' और 'सल्तनत बांग्ला', और वे अपने नक्शे पर बिहार, झारखंड और पूर्वोत्तर के भारतीय राज्यों को भी दिखाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बांग्लादेश भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था अभी खराब स्थिति में है, और यह कदम उसे और खराब कर देगा। वहीं, बांग्लादेश में भारत की पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी ने बांग्लादेश से भारत में कुछ वस्तुओं के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगाने के भारत के कदम पर कहा, "यह समय की मांग है।

## सम्पादकीय

# उत्तराखंड में घुसपैठिए

"ऑपरेशन सिंदूर" के बाद पूरे देश भर में पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए लोगों की खोजबीन का काम चल रहा है। इसके कई चौंकाने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं और कई स्थानों पर रोहिंग्यों की भारी भरकम फौज घुसपैठियों के तौर पर देखने को मिली है। इधर अब उत्तराखंड भी बांग्लादेश की घुसपैठ से बचा हुआ नहीं है। पिछले कुछ दशकों में ऐसे लाखों लोग उत्तराखंड में नजर आने लगे हैं जिनका चाल चलन, भाषा और बात करने का तरीका ही देवभूमि से मेल नहीं खाता। हालांकि उत्तराखंड पुलिस दावा करती है कि समय—समय पर व्यापक तौर पर सत्यापन अभियान चलाए जाते हैं लेकिन इन तमाम सत्यापन अभियानों की हकीकत भी इन बांग्लादेशियों की संख्या बयां करने के लिए काफी है। यानी कि कहीं ना कहीं सत्यापन का काम भी मात्र आंकड़ों को पूरा करने की औपचारिकताएं निभाना तक सीमित रहता आया है। राजधानी देहरादून में भी एक बांग्लादेशी परिवार चिन्हित किया गया है जो अपने चार बच्चों के साथ क्लिमेंटटाउन क्षेत्र में रहते आ रहे थे। उनके बच्चों को तो संरक्षण गृह में भेज दिया गया है लेकिन अब प्रश्न है उठना है कि गिरफ्तार किए गए बड़े लोगों के साथ प्रशासन आगे क्या कदम उठाएगा। यहां प्रदेश के खुफिया तंत्र पर भी निश्चित तौर पर सवाल उठेंगे क्योंकि इस विभाग का कार्य ही अपने सूचना तंत्र से ऐसे लोगों को चिन्हित करना है जो अवैध रूप से अलग—अलग स्थान पर रह रहे हैं। देहरादून के साथ ही हरिद्वार में भी दो बांग्लादेशी पकड़े गए हैं और यदि इन लोगों से गंभीरता के साथ पूछता की जाती है तो निश्चित तौर पर इनका कुनबा भी बेनकाब होगा। जहां एक तरफ प्रशासन और पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी है तो वही स्थानीय लोगों को भी आप सचेत होना होगा और सतर्क दृष्टि रखती होगी कि उनके आसपास ऐसे नए लोग कौन बस रहे हैं जिनका रहन—सहन और भाषा उनके क्षेत्र से मिल नहीं खाती। ऐसे लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देना अब एक जरूरत बन गई है अन्यथा आने वाले दिनों में ऐसे घुसपतियों की संख्या गुणात्मक तौर पर बढ़ती चली जाएगी। यदि देवभूमि उत्तराखंड को पश्चिम बंगाल जैसे हालातो से बचाना है तो सिस्टम और स्थानीय नागरिकों को भी समन्वय बनाकर एक्शन लेना होगा। बांग्लादेश की घुसपैठ में पूरे देश की डेमोग्राफिक को ही बिगाड़ कर रख दिया है और कोई संदेह नहीं कि इनकी संख्या करोड़ को भी पार न कर गई हो।

# भारत की आधुनिक युद्ध पद्धति में निर्णायक जीत

ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से भारत के निपटने के तरीके में बड़े बदलाव को स्थापित कर दिया। यह केवल सैन्य अभियान—भर नहीं था, बल्कि दुनिया को साफ तौर पर संदेश था कि भारत सीमा पार हमलों पर अब चुप नहीं बैठेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 निदोष लोगों के मारे जाने के ठीक दो हफ्ते बाद इस अभियान को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था और आक्रोश और गुस्से में भरे लोग दुख में एकजुट हो गये थे। भारत सरकार ने अब बहुत हो गया की सोच के साथ तुरंत और दृढ़ता से आतंकी हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की।

विचारपूर्वक की गई जवाबी कार्रवाई में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में जैश—ए—मोहम्मद, लश्कर—ए—तैयबा और हिज़बुल मुजाहिदीन के नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। ये आतंकी शिविर मुजफ्फराबाद में सवाई नाला कैंप और सैयदना बिलाल कैंप, कोटली में गुलपुर कैंप और अब्बास कैंप, भीमबेर में बरनाला कैंप, सियालकोट में सरजल कैंप और महमूना जोया कैंप, मुरीदके में मरकज तैयबा कैंप और बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह थे।

भारत के इस अभियान का टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर और जेनिफर ज़ेंग जैसे प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों ने विस्तृत मूल्यांकन किया है, जिसमें भारत की सफलता के रणनीतिक और सामरिक तत्वों को रेखांकित किया गया है।

**रणनीतिक सटीकता और वायु युद्ध श्रेष्ठता**

ऑस्ट्रियाई सैन्य इतिहासकार टॉम कूपर ने भारत के वायु सेना अभियान को जीत की स्पष्ट वजह बताया है। कूपर ने कहा है कि पाकिस्तान की विश्वसनीय कार्रवाई अक्षमता से भारत की रणनीतिक प्रभावशीलता परिलक्षित होती है।

उन्होंने कहा, इस मामले में: भारत की स्पष्ट जीत हुई है और कोई हैरत नहीं कि पाकिस्तान ने 'युद्धविराम' के लिए क्यों 'आवाज़' लगानी शुरू की।

कूपर ने अपने तर्क के समर्थन में पाकिस्तान की प्रतिरोधी रणनीतिक विफलता का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई और परमाणु हमले की धमकी देने की रणनीति विफल रही, क्योंकि भारत ने जोरदार जवाबी हमला किया और पाकिस्तानी कदम के जवाब में हमला और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि लड़ाई इसलिए थमी कि पाकिस्तान ने भारी नुकसान उठाने के बाद युद्ध विराम का आग्रह करना शुरू कर दिया। कूपर ने विचार व्यक्त किया कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला संभवतः उसके गोला—बारूद के अपर्याप्त भंडार और नष्ट होते यूएवी के कारण हुआ।

**नये युद्ध सिद्धांत और रणनीतिक स्वतंत्रता**

मॉडर्न वारफेयर इंस्टीट्यूट—अर्बन वॉरफेयर स्टडीज़ के अध्यक्ष जॉन स्पेंसर ने रणनीतिक संयम और दृढ़तापूर्ण भारतीय रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की चेतावनी भरी लाल रेखाओं को फिर से परिभाषित कर दिया कि पाकिस्तान की भूमि से उस पर किया जाने वाला कोई भी आतंकवादी हमला युद्ध माना जाएगा। स्पेंसर ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत ने प्रचंड जवाबी हमला किया लेकिन इसे युद्ध में बदलने से पहले ही रोक दिया। यह उल्लेखनीय प्रतिरोधक प्रदर्शन है, जो नपा—तुला, नियंत्रित और विश्वसनीय रहा। जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बड़ी जीत बताया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि भारत ने सिर्फ़ चार दिनों की विचारपूर्ण सैन्य कार्रवाई में अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल कर लिए, बल्कि उससे भी ज्यादा प्राप्त कर लिया। स्पेंसर इसे निर्णायक शक्ति और उसे स्पष्ट तौर पर लागू किये जाने के प्रयोग के रूप में देखते हैं, न कि सिर्फ़ प्रतीकात्मक बल के रूप में।

स्पेंसर ने कई प्रमुख रणनीतिक प्रभावों का उल्लेख किया है, जो भारत की जीत को प्रदर्शित करते हैं:




एक नई रणनीतिक चेतावनी जारी और लागू कर दी गई कि अब पाकिस्तानी धरती से होने वाले आतंकी हमलों का मुकाबला सैन्य बल से किया जाएगा, एक मिसाल है।

सैन्य श्रेष्ठता प्रदर्शन: भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता दिखा दी, जिसमें आतंकी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र और हवाईअड्डे शामिल रहे। इसके विपरीत, पाकिस्तान भारत के अंदर किसी भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसने में विफल रहा। स्पेंसर ने इसे बड़ी रणनीतिक श्रेष्ठता और वास्तविक प्रतिरोधक क्षमता बताया।

प्रतिरोधक बहाली: शक्तिशाली जवाबी कार्रवाई करने लेकिन पूर्ण युद्ध में बदलने से पहले ही संघर्ष को रोककर भारत ने अपने युद्ध नियंत्रण इच्छा और क्षमता का स्पष्ट संकेत दिया, जिससे प्रतिरोधक बहाल हुआ।

रणनीतिक स्वतंत्रता: भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के बिना ही संघर्ष का बेहतर प्रबंधन कर अपनी संप्रभु शर्तों पर सिद्धांतों को लागू किया।

**भारत के रणनीतिक हमलों का विस्तृत ब्यौरा**

अंतर्राष्ट्रीय प्रेस एसोसिएशन की सदस्य जेनिफर ज़ेंग ने भी भारत के रणनीतिक हमलों और पाकिस्तान की हार का विस्तृत विवरण साझा करते हुए कहा है कि भारत ने सटीक और शक्तिशाली हमले कर पाकिस्तान के आतंकी शिविर, वायु रक्षा प्रणाली और प्रमुख सैन्य ठिकाने नष्ट किए। पाकिस्तान का नुकसान जैसे—जैसे बढ़ता गया, उसके जवाबी हमले के प्रयास बार—बार विफल होते गए और वहां का नेतृत्व हताश हो गया और उसने अमरीका और सऊदी अरब का रुख कर पूर्ण सैन्य हार से बचने के लिए कूटनीतिक मदद की गुहार लगाई।

उनके लेख में उन घटनाओं को समयबद्ध चरण में दिखाया गया है कि पाकिस्तानी सेना को युद्धविराम की गुहार क्यों लगानी पड़ी।

7 मई – भारत ने जैश—ए—मोहम्मद और लश्कर—ए—तैयबा से संबंधित आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए राफेल जेट और ब्रह्मोस मिसाइलों से बड़े स्तर पर हवाई हमले किये, जिससे पाकिस्तान के छद्म नेटवर्क को गहरा झटका लगा।

8 मई झ भारत के सटीक हमलों ने लाहौर में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली एचक्यू—16 को नष्ट कर दिया। भारतीय हमलों से पाकिस्तान की विदेशी सैन्य प्रौद्योगिकी पर निर्भरता उजागर हो गई।

9 मई

भारतीय सेना ने नूर खान और रफीकी सहित प्रमुख हवाई ठिकानों पर बमबारी की, जिससे पाकिस्तान की हवाई क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई।

ड्रोन, मिसाइलों और जेट से पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को भारत के एस—400 ट्रायम्फ और अन्य रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया। भारत ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार और उसे हुए नुकसान के फर्जी दावे को भी खारिज कर दिया।

पाकिस्तान द्वारा दागी गईं सभी छह मिसाइलों को भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने रोककर बेअसर कर दिया, जिससे बड़ी आपदा टल गई। पाकिस्तान की यह विफलता ही संघर्ष में एक निर्णायक मोड़ साबित हुई।पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष जनरल असीम मुनीर ने हताश होकर अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और सऊदी विदेश मंत्री से संपर्क किया और पूर्ण पराजय से बचने के लिए मदद की गुहार लगाई।

10 मई – पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) ने युद्ध विराम का अनुरोध कर अपनी स्थिति को दुनिया के सामने उजागर होने से बचाने की कोशिश की। अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों की मध्यस्थता से युद्ध विराम शाम 5:00 बजे लागू हो गया।

निष्कर्ष

ऑपरेशन सिंदूर भारत के आधुनिक सैन्य और रणनीतिक इतिहास का एक निर्णायक क्षण साबित हुआ है, जो सटीकता और प्रतिरोधक क्षमता के साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता और नागरिकों के जीवन की रक्षा का बड़ा उदाहरण बना है। इस ऑपरेशन को ऐतिहासिक बनाने वाली बात सिर्फ़ हमलों का स्तर या सफलता नहीं है, बल्कि इसमें निहित संदेश है कि भारत अब सीमा पार से आतंकवाद को बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगा और नियंत्रित, वैधानिक और रणनीतिक रूप से पूरी शक्ति के साथ इसका जवाब देगा।

तेज़ और सटीक कार्रवाई द्वारा भारत आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने, सैन्य खतरों को बेअसर करने और लंबे समय से थमी प्रतिरोधक क्षमता बहाल करने में कामयाब रहा और यह सब व्यापक स्तर पर युद्ध और अपने नागरिकों को हताहतों होने से बचाते हुए किया गया। जैसा कि टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर और जेनिफर ज़ेंग ने उल्लेख किया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के विकसित रक्षा सिद्धांत को प्रतिबिंबित किया है, जो मुखर लेकिन जिम्मेदार, सटीकता से किया गया लेकिन बेहद मारक है।

अपने ठिकानों को बचाने और शक्तिशाली जवाबी हमला करने में पाकिस्तान की विफलता, उसकी तुरंत युद्धविराम की गुहार, क्षेत्रीय शक्ति में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है। भारत ने इस अभियान के जरिये सिर्फ़ सैन्य जीत ही नहीं, युद्ध के नियम भी दुबारा लिख दिये हैं। ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारत ने प्रदर्शित कर दिया है कि रणनीतिक संयम का मतलब निष्क्रियता नहीं है और जब उकसावे की कोई कार्रवाई होती है तो वह नपातुला लेकिन ज़बरदस्त जवाबी कार्रवाई कर सकता है और करेगा।

# ट्रंप का जवाब नहीं

**हरिशंकर व्यास**

कुछ भी हो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जवाब नहीं है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के झगड़े पर सीधी दो टूक बात कही कि उसने उसको ठोका, बदले में उसने भी ठोक दिया। एक—दूसरे को जवाब दे दिया है, इसलिए उम्मीद है अब रुक सकते हैं। हालांकि मैं दोनों देशों को जानता हूं। हमारे दोनों से बहुत अच्छे संबंध हैं, और मैं चाहता हूं कि यह सब बंद हो। यदि मैं कुछ मदद कर सकता हूं, तो ज़रूर करूंगा। पर तभी जब ज़रूरत हुई।इससे पहले भारत के ऑपरेशन की खबर पर ट्रंप का कहना था, दुर्भाग्यपूर्ण है, हमने अभी—अभी इसके बारे में सुना है,ज्मुझे लगता है कि लोगों को अंदाज़ा था कि कुछ होने वाला हैज.वे लंबे समय से लड़ते आ रहे हैं।

जाहिर है दुनिया ने दोनों देशों का झगड़ा बहुत हल्के से लिया है। एक वक्त था जब भारत और पाकिस्तान की लड़ाई के खटके से महाशक्तियां खटक जाती थीं। अब कोई परवाह ही नहीं कर रहा है। अकेले इजराइल के नेतन्याहू ने आतंक के हवाले भारत की कार्रवाई का दो टूक समर्थन किया। बाकी सबने संयम की नसीहत दी है। पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की जैसे खड़े हुए है वैसा क्या कोई भारत के साथ खड़ा दिखा है?

ऐसा क्यों? क्या डोनाल्ड ट्रंप को पाकिस्तान को धमका नहीं देना चाहिए था? ऐसे ही रूस को भारत के लिए क्या दौड़े आना नहीं था? उसे चीन पर दबाव बनाना था लेकिन वह खुद क्योंकि चीन पर अब निर्भर है तो रूस कर क्या सकता है। मध्यस्थता के लिए सब तैयार बैठे हैं मगर आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कसम में हौसला बढ़ाने वाली कोई महाशक्ति नहीं है, नेतन्याहू को छोड़ कर। जबकि सोचें, याद करें, आतंक के खिलाफ नेतन्याहू का कितने देशों ने हौसला बढ़ाया था।यह सब इसलिए है क्योंकि दुनिया और सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की तासीर को अच्छे से जान चुके हैं। वैश्विक मीडिया, वैश्विक अंग्रेजी चैनलों की जरा अपनी चैनलों से तुलना करें तो कोई भी भारत और दक्षिण एशिया को तरजीह नहीं देता हैं। एक मनोवैज्ञानिक कारण यह भी है कि झूठों के झगड़े में भला क्या जानना और देखना।

तभी ट्रंप और दुनिया के लिए इस झगड़े का इतना ही अर्थ है कि उसने उसको ठोका, बदले में उसने भी ठोक दिया। और शुक्रवार की सुबह अमेरिका के उप राष्ट्रपति वेंस ने भी ठोक दिया कि इन दो देशों के टकराव, लड़ाई से हमारा लेना—देना नहीं है। यह मूल रूप से हमारा विषय नहीं है, उन्होंने कहा 'हम उस युद्ध के बीच में नहीं कूदने वाले जो मूल रूप से हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता और जिस पर अमेरिका का कोई नियंत्रण नहीं है।


## टेस्ट मैच में नहीं दिखेंगे कोहली

क्रिकेटर विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहना न केवल क्रिकेट प्रेमियों को बल्कि तमाम खेल के दीवानों को अखर गया। क्रिकेट के सबसे 'शुद्धइ और 'असलइ प्रारूप टेस्ट मैच में अब देश के सबसे काबिल क्रिकेटर कोहली नहीं दिखेंगे। इस खेल में किंग का दर्जा पाए कोहली का आभामंडल निश्चित रूप से विराट है। और इस बात की सत्यता आंकड़ों से स्पष्ट होती है।

123 टेस्ट मैच कोहली ने खेले। इसमें 40 में उन्होंने भारत को जीत दिलाई, लगातार नौ टेस्ट श्रृंखला जीतने का कीर्तिमान कायम किया। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक, बीस शतक और नाबाद 254 रन का रिकार्ड दर्ज है। स्वाभाविक है, ऐसे रिकार्ड और ऐसा रिकार्ड बनाने वाला अलग मिट्टी का बना होगा। कह सकते हैं कि भारतीय क्रिकेट के एक गौरवशाली अध्याय का समापन हो गया। ऐसा नहीं है कि उनकी खेल की जिंदगी में उतार—चढ़ाव नहीं आए। तमाम उठापटक, प्रदर्शन में गिरावट और साथी क्रिकेटर और कोच से तनातनी ने उनके करियर को नीचे गिराया, मगर हर बार वो उठ खड़े हुए। हार न मानने की उनकी फितरत ने उन्हें न केवल क्रिकेट वरन खेल की दुनिया का अनमोल शख्स बनाया। जीवटता और हर हाल में जीतने का जज्बा इस खिलाड़ी को बाकियों से बिल्कुल अलग ठहराता है। बल्लेबाजी की उम्दा तकनीक, और कौशल का तो हर कोई कायल है। कह सकते हैं कि 'जेंटलमैन गेमइ को कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इज्जत बख्शी। उनका टेस्ट क्रिकेट से बल्ला टांगना निश्चित तौर पर तकलीफदेह है। अगर वो अगले महीने इंग्लैंड दौरे में अपना रंग दिखाते तो बात ही कुछ और होती। बहरहाल, उनके और दो—तीन दिन पहले रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से भारतीय ड्रेसिंग रूम में फीकापन आएगा। साथ ही चयकर्ताओं के लिए भी आने वाले समय में मौजूदा खिलाड़ियों के बीच से सक्षम और प्रतिभाशाली खिलाड़ी को चुनने की चुनौती होगी। हालांकि अच्छी बात यह है कि बेंच स्ट्रेंथ के मामले में टीम इंडिया काफी समृद्ध है। अच्छे खिलाड़ियों से भारतीय खेमा सुसज्जित है। फिलहाल तो इसी बात से संतोष करना पड़ेगा कि कोहली के सदाबहार और हैरतअंगेज शाट्स क्रिकेटप्रेमी एकदिवसीय मैचों में देख सकेंगे।

# सिनेमाघरों में रिलीज होगी भूल चूक माफ

हाल ही में भारत—पाकिस्तान संघर्ष ने देश और फिल्म इंडस्ट्री को काफी प्रभावित किया है। मौजूदा स्थिति के साथ एकजुटता दिखाते हुए, कई गायकों ने अपने संगीत कार्यक्रम स्थगित कर दिए। कई फिल्ममेकर्स ने अपनी फिल्मों की रिलीज टाल दी। जिन फिल्मों की रिलीज टाली गई उनमें भूल चूक माफ भी शामिल है। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज की नई तारीख का एलान किया है।आपको बता दें कि प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स ने एलान किया था कि फिल्म का 16 मई 2025 को प्राइम वीडियो पर ओटीटी प्रीमियर होगा।



फिल्म की रिलीज से जुड़ी मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआरइनॉक्स ने इस फैसले को सही नहीं माना और अनुबंध के उल्लंघन के लिए भूल चूक माफ के प्रोडक्शन हाउस पर मुकदमा कर दिया। बताया गया कि मेकर्स के फैसले से 60 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। लेकिन लगता है कि अब दोनों के बीच कानूनी विवाद सुलझ गया है। मैडॉक फिल्म्स के संस्थापक दिनेश विजन और पीवीआरइनॉक्स के कमल ज्ञानचंदानी द्वारा जारी संयुक्त बयान के मुताबिक, भूल चूक माफ अब बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिल्म के सभी हितधारकों के साथ बातचीत करने के बाद फिल्ममेकर्स ने एलान किया है कि फिल्म 23 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'मुझे खुद नहीं पता क्या हुआ' श्रेयस अय्यर ने चोट के बाद की बल्लेबाजी

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स को 10 रनों से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने प्लेआ- ॅफ की दावेदारी को और मजबूत कर लिया है।

इस मैच में पंजाब की टीम जब फील्डिंग कर रही थी तब कप्तान श्रेयस अय्यर मैदान पर मौजूद नहीं थे। वह बाउंड्री लाइन से मैसेज भेज रहे थे। इसका कारण है अय्यर की चोट।

अय्यर ने बताया कि उन्हें चोट है और इसके बाद भी उन्होंने बल्लेबाजी की। अय्यर ने 25 गेंदों का सामना करते हुए पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाए। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। राजस्थान की टीम 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी।

# रोहित क्यों और कैसे बने टेस्ट ओपनर? पूर्व कोच ने किया बहुत बड़ा खुलासा

दुबई, पीटीआई: भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते समय उब्र जाते थे इसलिए उन्होंने 2019 में हिटमैन को सलामी बल्लेबाज बनाने का फैसला किया। शास्त्री का यह फैसला 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हुआ और इसने पारंपरिक प्रारूप में रोहित के करियर को नया मोड़ दिया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि चार, पांच नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह लड़का उब्र जाता था। मैंने फिर इस पर विचार करना शुरू किया कि वह वनडे क्रिकेट में इतना सफल क्यों है? वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जल्दी जाना पसंद करता है।

वर्ल्ड कप में किया था फैसला


शास्त्री ने कहा कि उन्होंने 2019 विश्व कप के दौरान ही रोहित का इस्तेमाल टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में करने का फैसला कर लिया था। वह इस विश्व कप में पांच शतक और 81 की औसत से 648 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। शास्त्री ने रोहित के बारे में कहा कि उन्होंने पांचवें और छठे नंबर पर काफी बल्लेबाजी की लेकिन वह पूरी एकाग्रता नहीं दिखा पाते थे। वह 20, 30 रन बनाकर अपना विकेट गंवा देते थे। शास्त्री ने कहा, "(मैंने सोचा) चलो उसे दबाव में डालते हैं और उसे (बल्लेबाजी क्रम में) उपर भेजते हैं। मुझे याद है कि मैंने उससे वेस्टइंडीज में कहा था हम चाहते हैं कि तुम पारी का आगाज करो। रोहित ने टेस्ट के अपने 12 शतकों में से नौ शतक सलामी बल्लेबाज के तौर पर लगाए हैं।"



**ऑस्ट्रेलिया में मिडिल ऑर्डर में की थी वापसी**

टेस्ट में ओपनिंग करने वाले रोहित ने भारत के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक बार फिर मिडिल ऑर्डर में वापसी की थी। बॉर्डर—गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में वह नहीं खेले थे। ऐसे में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने ओपनिंग की ।

# हरी हरा वीरा मल्लू की फिर बदली रिलीज डेट



पावर स्टार और आंध्र प्रदेश के उप—मुख्यमंत्री पवन कल्याण की मोस्ट अवेटेड हिस्टोरिकल एक्शन एडवेंचर फिल्म हरी हरा वीरा मल्लू का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है. हरी हरा वीरा मल्लू आगामी 30 मई को रिलीज होनी थी, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया है. फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया गया है. अब फिल्म मई में नहीं बल्कि जून में इस डेट को रिलीज होगी.

फिल्ममेकर्स आज पवन कल्याण का हरी हरा वीरा मल्लू से नया पोस्टर जारी कर फिल्म की नई रिलीज डेट जारी की है. पहले फिल्म 9 मई और फिर 30 मई को रिलीज होनी थी, लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म को जून में रिलीज करने का मन बनाया है. मेघा सूर्या प्रोडक्शन और एचएचवीएम फिल्म ने एक्टर का नया पोस्टर जारी कर हरी हरा वीरा मल्लू की रिलीज डेट 12 जून तय की है. हरी हरा वीरा मल्लू 12 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज होने रही है. फिल्म के नए पोस्टर की बात करें तो इसमें एक्टर लाल—काले कपड़े पहने हाथ में तलवार लिए खड़े हैं.

## फिल्म वॉर 2 का टीजर 20 मई होगा रिलीज, ऋ तिक रोशन ने दिए संकेत

ऋ तिक रोशन की फिल्म वॉर 2 का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहा हैं, वहीं इस बार फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब वॉर 2 के टीजर से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वॉर 2 का टीजर एनटीआर के जन्मदिन पर यानी 20 मई, 2025 को रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का पहला मोशन पोस्टर 17 मई को सामने आ सकता है।

# केएल राहुल ने विराट कोहली का तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। केएल राहुल टी 20 क्रिकेट में सबसे तेज 8,000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज राहुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी भी बने हैं। उनसे आगे क्रिस गेल और बाबर आजम हैं।दरअसल, केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान टी20 क्रिकेट में अपने 8 हजार रन पूरे किए। केएल राहुल को 8,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें 33 रनों की जरूरत थी। गुजरात के खिलाफ जैसे ही राहुल ने 33वां रन बनाया, उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया।

केएल राहुल ने पूरे किए 8 हजार टी20 रन

राहुल ने 8 हजार रन का आंकड़ा पूरा करने के लिए 224 पारियां ली। उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। विराट ने अपने 8 हजार टी20 रन 243वीं पारी में पूरे किए थे। इस हिसाब से केएल राहुल उनसे 19 पारी कम लिए हैं।



**36वें स्थान पर राहुल**

कुल मिलाकर केएल राहुल अब टी20 क्रिकेट में 8,000 रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं। उनसे आगे सिर्फ दिग्गज क्रिस गेल और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम हैं। वहीं, टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में 36वें स्थान पर हैं।

**टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 8 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी (पारी)**

क्रिस गेल – 213
बाबर आजम– 218
केएल राहुल– 224
विराट कोहली– 243
मोहम्मद रिजवान– 244

गजब की फॉर्म में हैं राहुल

बात दें कि केएल राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू किया है। इस सीजन वह गजब की फॉर्म में हैं। गुजरात टाइन्टस के खिलाफ मुकाबले से पहले 11 मैच में राहुल ने 50 से अधिक की औसत और 142 के स्ट्राइक रेट से 422 रन बनाए थे।

## एक नजर

### पतंजलि रिसर्च सेंटर हरिद्वार का किया शैक्षणिक भ्रमण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः नगर निगम के अंतर्गत झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के अंतर्गत बी फार्मा व डी फार्मा के विद्यार्थियों ने शनिवार को पतंजलि रिसर्च सेंटर हरिद्वार का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.एस.राणा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। पतंजलि रिसर्च सेंटर में टीम लीडर डॉ मौमिता कांजीलाल एवं डॉ शुभम कुमार ने सभी विद्यार्थियों को रिसर्च सेंटर में की जाने वाली रिसर्च तथा बनाए जा रहे सभी उत्पादों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि आयुर्वेदिक उपचार पद्धति से हर रोग का उपचार संभव है जिसका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता।तत्पश्चात विद्यार्थियों ने म्यूजियम एवं हर्बल गार्डन का भ्रमण किया और आवश्यक जानकारी जुटाई। भ्रमण में फार्मेसी संकाय के प्राध्यापक डॉ. के. सर्वानन तथा असिस्टेंट प्रोफेसर विकास कुमार ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया।

### नाबालिग को किया परिजनों के सुपुर्द

नई टिहरी। घर में बिना बताये हरिद्वार से चंद्रबदनी टिहरी जा रहे नाबालिग को टिहरी पुलिस ने सुरक्षित परिजनों से सुपुर्द किया है। परिजनों ने पुलिस की इस मदद के लिए सराहना की है। टिहरी पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार मलेथा पर्यटन बूथ में वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान वाहन के चालक जितेन्द्र कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम कोटियाल जिला चमोली के द्वारा बताया गया कि एक नाबालिग बालक हरिद्वार से मेरी गाड़ी में बैठा है। मुझे शक है कि यह नाबालिग बालक घर से भागकर आया है। इस सूचना पर मलेथा पर्यटन केन्द्र में नियुक्त पुलिस कर्मी नरेश राजवंशी, राकेश राणा व भूपेन्द्र सिंह ने नाबालिग बालक से गहनता से पूछताछ की। नाबालिग बालक ने अपने आप को एल्पस कालोनी हरिद्वार का बताते हुए बताया कि वह बिना किसी को बताये हुए अपने दादा के घर ग्राम अरोटा चंद्रबदनी टिहरी जा है। नाबालिग की सूचना उच्चाधिकारियों व उनके परिजनों को देते हुए नाबालिक को थाना कीर्तिनगर में लाया गया। जिसके बाद परिजनों को थाने बुलाकर उनके सुपुर्द सकुशल किया गया।

### वार्ड 9 में जनहित के कार्य करवाने की मांग

नई टिहरी। सभासद विजय कठैत ने ईओ नई टिहरी पालिका को पत्र लिखकर वार्ड 9 में जनहितों के कामों को तेजी से करवाने की मांग की है। पत्र के माध्यम से ईओ को बताया कि वार्ड 9 में जगह–जगह खराब स्ट्रीट लाईटों को ठीक किया जाय। झाड़ियों का कटान व बंद नालों को खोला जाय। वार्ड में क्षतिग्रस्त सीढ़ियां बच्चों व बुजुर्गों के लिए खतरा बनी हुई हैं। इन्हें तत्काल ठीक करवाया जाना जरूरी है। वार्ड के क्षतिग्रस्त पार्कों को ठीक करने के साथ ही पार्कों की गंदगी को भी दूर किया जाय। वार्ड में बंदरों व कुत्तों के आतंक से भी लोग परेशान हैं। जिन्हें जनता को तत्काल राहत दिलाई जाय। वार्ड के टूटे शौचालयों की मरम्मत के साथ ही इन स्थलों पर फैली गंदगी को दूर करने का काम किया जाय।

### 1.25 करोड़ की विधायक निधि की जारी

नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने विधायक निधि से 125 लाख रुपये की विकास योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। जिसे लेकर विधायक उपाध्याय ने कहा कि जनहित और जनता की मांग पर 125 लाख की 62 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं को विभिन्न गांवों के भ्रमण के उपरांत और स्थानीय जन प्रतिनिधियों से विचार–विमर्श के पश्चात यह निर्णय लेकर स्वीकृत किया गया है।

उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमन्त्री पुष्कर धामी जी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके सहयोग से विधायक निधि को जनता के हितों में तत्परता से खर्च किया जा रहा है।

### छात्रों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया

नई टिहरी। जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रतापनगर ब्लाक के राउमा विद्यालय कोरदी में आपदा प्रबंधन, खोज बचाव एवं जन जागरूकता तथा प्राथमिक सहायता सम्बंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण के दौरान 125 उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं एवं कार्मिकों को प्राथमिक उपचार, सीपीआर, आपदाओं में इंप्रोवाइज स्टेचर बनाने, आपातकालीन नंबरों, खोज–बचाव में प्रयोग होने वाले बेसिक उपकरणों की जानकारी के साथ ही स्कूल सेफ्टी की भी जानकारी दी।

# कब्जा हटाने के बाद फुटपाथ बनाना भूला सिस्टम



कोटद्वार की सड़क में फुटपाथ नहीं होने से सड़क पर चलते लोग

**शहर में कहीं भी पैदल चलने के लिए नहीं है फुटपाथ ,वर्ष–2020 में प्रशासन ने शहर से हटाया था अतिक्रमण**

जयन्त प्रतिनिध।

कोटद्वारः कोटद्वारः शहर में फुटपाथ नहीं होने से शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। वर्ष–2020 में प्रशासन ने उच्च न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने हुए फुटपाथ निर्माण की बात भी कही थी। लेकिन, कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा, फुटपाथ नहीं होने से आमजन को सड़क पर होकर गुजरना पड़ता है। जिससे हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। जबकि, पूर्व में स्थानीय लोग कई बार फुटपात निर्माण की मांग उठा चुके हैं। उच्च न्यायालय के निर्देश पर वर्ष 2020 में प्रशासन ने कोटद्वार मुख्य बाजार में फुटपाथ पर हुए कब्जों को हटाने की कवायद की। प्रशासन ने नगर निगम कार्यालय से नजीबाबाद चौक के मध्य अतिक्रमण की जद में आए भवनों को तोड़ा। हालांकि, इस दौरान कई व्यापारियों ने स्वयं अपने अतिक्रमण हटाने की बात कही, जिस पर प्रशासन ने उन्हें मोहलत दे दी। कार्यवाही का असर हुआ व संकुचित हो रहा राष्ट्रीय राजमार्ग खुल गया। हैरानी की बात यह रही कि फुटपाथ के नाम पर अतिक्रमण तो हटा दिए गए। लेकिन, फुटपाथ निर्माण की जहमत नहीं उठाई। नतीजा, एक बार फिर जिस बरामदों को फुटपाथ हटाने के नाम पर तोड़ा गया था, वे बरामदे फिर तैयार हो गए व सिस्टम देखता रह गया।

### वर्तमान में यह है स्थिति

बात राष्ट्रीय राजमार्ग की करें तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर टाटा कामर्शियल मोटर्स के सामने से कौडिया के मध्य कहीं ऐसी जगह नहीं, जहां सड़क किनारे फुटपाथ पर वाहन न खड़े रहते हों। जहां वाहन खड़ा नहीं रहेगा, वहां रेहड़ी–ठेली लगी नजर आती है। स्टेशन रोड पर मौजूद अतिक्रमण को लेकर आज तक कभी प्रशासन का डंडा नहीं चला। बात देवी रोड की करें तो इस मार्ग पर नजीबाबाद चौक से पनियाली पुल के मध्य फुटपाथ पर दुकानें सजी नजर आएंगी। शहर की आंतरिक सड़कों में सबसे बुरे हाल गोखले मार्ग के हैं। इस मार्ग पर फुटपाथ छोड़िए, मुख्य सड़क में ही अवैध सब्जी मंडी सजती है। लेकिन, प्रशासन तमाम प्रयासों के बाद भी इस मंडी को बंद नहीं करवा पा रहा। नतीजा, इस मार्ग से वाहनों के संचालन की बात सोचना ही बेमानी है। अलबत्ता, गोखले मार्ग पर प्रशासन की नाकामी को देख अब पटेल मार्ग पर भी फल–सब्जी व्यापारियों ने अवैध सब्जी मंडी बसाना शुरू कर दिया है। गैरेज रोड के फुटपाथ मैक्स वाहनों की पार्किंग स्थल बन गए हैं। कहना गलत न होगा कि शहर के भीतर यदि फुटपाथ तलाशने निकलेंगे तो निराशा ही हाथ आएगी।

# डा.नागेंद्र प्रसाद ध्यानी को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि।

साहित्यांचल संस्था की ओर से डा.नागेंद्र प्रसाद ध्यानी को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में दिए गए डा.नागेंद्र प्रसाद ध्यानी के योगदान को याद किया।

नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारात घर में आयोजित शोक सभा में साहित्यांचल से जुड़े साहित्यकारों के साथ ही अन्य संस्थाओं के जुड़े लोगों ने डा.ध्यानी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साहित्यांचल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी ने कहा कि डा.नागेंद्र प्रसाद ध्यानी गले के कैंसर से पीड़ित थे, जिनका उपचार राजीव गांधी कैंसर चिकित्सालय में चल रहा था। कहा कि डा.ध्यानी उच्च कोटि के साहित्यकार, लेखक व कवि रहे। डा.ध्यानी हिंदी के प्रकांड विद्वान डा.पार्थसारथी डबराल, इतिहासकार शिवप्रसाद डबराल व गढ़वाली कवि कन्हैयालाल डंडरियाल के प्रिय रहे हैं। उन्होंने डा.पार्थसारथी डबराल के निधन के उपरांत उनके एक अधूरे काव्य को पूरा किया। डा.ध्यानी को साहित्यांचल सम्मान, चंद्रज्योति सम्मान, हिमाद्रि रत्न सम्मान, देवीप्रसाद गोदावरी देवी सम्मान, डा.पीतांबर दत्त बड़थ्वाल सम्मान से भी नवाजा गया था। कहा कि डा.पीतांबर दत्त बड़थ्वाल की जीवनी का संस्कृत संस्करण भी डा.ध्यानी ने ही लिखा था। इस मौके पर डा.नंदकिशोर ढौंडियाल, शिवप्रसाद कुकरेती, सत्यनारायण नौटियाल, डा.सुरेंद्र लाल आर्य, प्रकाश कोठारी, मयंक प्रकाश कोठारी, डा.रमाकांत कुकरेती, ललन बुडाकोटी, राकेश अग्रवाल, पीएल खंतवाल, डा.जेपी ध्यानी, कुलदीप मैंदोला मौजूद रहे।

# एलयूसीसी धोखाधड़ी के मामले में चेयरमैन से पूछताछ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी। एलयूसीसी धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने कंपनी के आरोपी चेयरमैन को उत्तर प्रदेश की ललितपुर जेल से देहरादून की बीयूडीएस (बड्स) देहरादून अदालत में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर सुनवाई के बाद आरोपी को वापस ललितपुर जेल भेज दिया गया है। आरोपी चेयमैन उत्तर प्रदेश में भी इसी धोखाधड़ी प्रकरण के चलते बीते फरवरी से जेल में बंद है। इस दौरान आरोपी ने पूछताछ में बताया कि धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी दुबई में है। एलयूसीसी धोखाधडी में दर्ज विभिन्न मुकदमों की जांच के लिए नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी एवं एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि एलयूसीसी धोखाधड़ी मामले के आरोपी चेयरमैन जितेंद्र निरंजन को पुलिस सुनवाई के लिए उत्तर प्रदेश के ललितपुर जेल से देहरादून लाई।एलयूसीसी के चेयरमैन के पद पर नियुक्त रहे आरोपी जितेंद्र निरंजन निवासी जालौन उत्तर प्रदेश जोकि अभी जिला कारागार ललितपुर में बंद था। उसका पुलिस टीम द्वारा बी वारंट दाखिल किया गया था। पुलिस ने आरोपी को ललितपुर जेल से देहरादून लाकर बीयूडीएस (बड्स) देहरादून अदालत में पेश किया। बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ कोतवाली पौड़ी, श्रीनगर, कोटद्वार, ऋषिकेश, पटेल नगर, टिहरी गढ़वाल में मुकदमें दर्ज हैं। वहीं सीबीसीआईडी में पंजीकृत मुकदमें पर भी अदालत से वारंट बी जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि अदालत द्वारा उक्त सभी मामलों में आरोपित की रिमांड स्वीकार की हैं। एसएसपी सिंह के मुताबिक आरोपी जितेंद्र निरंजन ने पूछताछ में बताया एलयूसीसी में वह चेयरमैन के पद पर नियुक्त था। इस प्रकरण में पहले ही आरोपी उत्तम सिंह राजपूत, शबाब हुसैन, समीर अग्रवाल, परीक्षित पारसे, आरके शेट्टी के साथ मिलकर उत्तराखंड में कई जगहों व अन्य राज्यों में कंपनी की अलग–अलग शाखाएं खोली।

# रेलवे में भर्ती के नाम धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः युवाओं को रेलवे में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के ऊपर दस हजार रुपये का ईनाम रखा गया था।

वर्ष सितंबर माह में मानपुर निवासी मयंक नेगी ने कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में कहा गया कि क्षेत्र की एक महिला ने उसका परिचय सतीश कुमार नामक एक व्यक्ति से करवाया।

सतीश ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर उसे राजकुमार बनर्जी उर्फ सुभतो रे और दीपक नाम के व्यक्तियों से मिलवाया। नौकरी के प्रति आश्वास्त होकर उसने अपने सभी दस्तावेज सतीश को दे दिए। कहा कि यदि कोई अन्य युवक भी सरकारी नौकरी करना चाहते हैं तो उनसे संपर्क कर सकते हैं। उक्त की बात पर भरोसा कर उसने अपने पांच मित्रों का परिचय उन लोगों से करवा दिया। इसके



कोटद्वार कोतवाली में पुलिस अभिरक्षा में मौजूद ठगी के आरोप में दबोचा गया आरोपी

बाद उक्त लोगों ने उनसे धनराशि की मांग की। उसने अपने, अपनी माता व बहिन के खाते से सतीश को विभिन्न तिथियों पर 4.10 लाख धनराशि हस्तांतरित की। साथ ही एक लाख रूपए नकद दिए। तहरीर में कहा गया था कि सितंबर 2022 में उसे ईस्टर्न रेलवे का कूटरचित ज्वाइनिंग लैटर देकर उसे ट्रेनिंग के लिए भिजवा दिया।

सात माह की ट्रेनिंग प्रोविजनल पीरियड बताकर उसे दमदम पार्क, कोलकत्ता में किसी निजी कार्यालय व जमाडोबा–धनबाद रेलवे स्टेशन में भेजा गया। इस दौरान उसका कूटरचित फर्जी आई–कार्ड भी बनाया गया और ट्रेनिंग पीरिएड पूर्ण होने के बाद उसे वापस कोटद्वार भेज दिया गया।

तहरीर में कहा गया है कि उक्त तीनों लोगों ने नौकरी के नाम पर 32.80 लाख रूपए की ठगी की।मामले में अभी तक पुलिस ने कुतुब बिहार, साउथ दिल्ली निवासी सतीश कुमार, कोलकता के थाना बागाहुटी में देशबंधु नगर निवासी सुभब्रत राय और झारखंड के धनबाद में कुसुंडा निवासी छोटू पासवान के साथ ही पश्चिमी बंगाल के जिला हुगली थाना भद्रेश्वर के अंतर्गत तारकेश्वर पुली चंपदानी निवासी मंजू देवी को गिरफ्तार कर चुकी है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि अब इस मामले में पुलिस ने शशिराम मुर्मू पुत्र बुद्धि मुर्मू, निवासी बरापहाड़ी चकमंडला, थाना रामपुर हाट, जिला बीरभूम, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है। बताया कि 13 मई को आरोपित की गिरफ्तारी चकमंडला, बीरभूम, पश्चिम बंगाल से की गई।

### गांव का मुखिया है शशिराम

आरोपी शशिराम मुर्मू से पूछताछ के आधार पर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शशिराम मुर्मू बीरभूम पश्चिम बंगाल में संथाली जनजाति के एक गांव का मुखिया है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ड्रीम कैचर कंसलटेंसी बनाई व बैंक में खाता खोला। बताया कि मयंक व उसके साथियों से हड़पी गई धनराशि में से 17,68550/– (सत्रह लाख अड़सठ हजार पांच सौ पचास रुपये) की जमा करा कर धोखाधड़ी की गयी थी। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा के बेरोजगार युवकों को विश्वास मे लेकर पूर्वी रेलवे में ग्रुप सी के पद पर सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से पैसा लिया जाता था व बेरोजगार युवाओं को पूर्वी रेलवे का फर्जी नियुक्ति पत्र, आईकार्ड आदि दिये जाते थे।

# बलूनी स्कूल ने सेंट जोसेफ कॉवेंट स्कूल को हराया

**जयन्त प्रतिनिधि,कोटद्वार।** बलूनी पब्लिक स्कूल की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बलूनी कप का फाइनल मुकाबला बलूनी पब्लिक स्कूल के नाम रहा। प्रतियोगिता में 22 से अधिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया था। बलूनी पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में चल रही प्रतियोगिता के तहत सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला बलूनी पब्लिक स्कूल (ए) व बलूनी पब्लिक स्कूल (बी) की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बलूनी पब्लिक स्कूल (ए) ने 2–1 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल व बाल भारती पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। संघर्षपूर्ण रहे इस मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। जिसके बाद मुकाबला पेनाल्टी शूट आउट में गया और कांवेंट ने जीत हासिल कर फाइनल में




विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि

प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बलूनी पब्लिक स्कूल व कांवेंट स्कूल के मध्य खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के अंतिम क्षण में बलूनी पब्लिक स्कूल के कप्तान ध्रुव रावत ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1–0 से जीत दिला दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची बलिदानी मंदीप सिंह बिष्ट की माता सूमा देवी, अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत, कर्नल (सेनि) चंद्र सिंह पटवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व मेडल प्रदान किए। इस मौके पर डा.बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी, बलूनी क्लासेज कोटद्वार इकाई की डायरेक्टर अभिलाषा भारद्वाज, बलूनी स्पोर्टस एकेडमी के निदेशक अरूण नेगी आदि मौजूद रहे।

### तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ शुरु

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वारः द्वारीखाल ब्लाक की डबरालस्यूं पट्टी के राजकीय इंटर कॉलेज देवीखेत में दगड्यां जन कल्याण समिति के सौजन्य से तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित संदीप दुकलान, खंड शिक्षाधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह नेगी, प्रधानाचार्य राजीव रावत, सामाजिक कार्यकर्ता जयकृत बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने जन कल्याण समिति की इस पहल की सराहना की। कहा कि इस तरह के खेल कार्यकमी से पहाड़ के छात्र राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे। समिति के सचिव ने कहा कि छात्रों के कौशल विकास के लिए समिति इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए प्रयासरत है।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मधुसूदन डबराल, पंकज डबराल, मनीष डबराल, जगमोहन डबराल, सुरेश ममगांई, दीपांशु आदि शामिल रहे।

# पूर्व सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी। जिला मुख्यालय पौड़ी के मांडाखाल में पूर्व सैनिक कल्याण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं जम्मू– कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना के पराक्रम को सलाम किया गया।

पूर्व सैनिकों ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को देखा है। कहा कि सेना ने पाकिस्तान की कायरना हरकत का मुंहतोड़ जबाव दिया है, सेना के जब्जे पर भारतवासियों को गर्व है। रविवार को पूर्व सैनिक कल्याण समिति पौड़ी की बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में मांडाखाल स्थित मिलन केंद्र में हुई।बैठक में मुख्य अतिथि नेशनल एक्स सर्विस मैन कॉर्डिनेशन कमेटी बरेली के अध्यक्ष कुंवर सिंह ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का पराक्रम देखा है। उन्होंने इस दौरान पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर एकजुट होकर आंदोलन करने की बात कही।

पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष पौड़ी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं समाधान के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर समिति के संरक्षक कुलदीप सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष अतुल सिंह नेगी, उपाध्यक्ष सत्यवान सिंह राणा, राजेंद्र सिंह रावत, महावीर सिंह, विमल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह रोकने को किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी। थलीसैंण ब्लाक के जीआइसी तिरपालीसैंण में बाल विवाह रोकथाम एवं बच्चों की सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल विवाह, उससे होने वाली की समस्या, उसके कारणों, दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही बच्चों के लिए किसी भी प्रकार की जोखिमभरी या असुरक्षित स्थिति में आवश्यक सहायता की जानकारी भी दी गई। स्कूल में आयोजित कार्यशाला में जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष राकेश चंद्र बिडालिया ने कहा कि बाल विवाह नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ है।

यह हमारे समाज के लिए बड़ा अभिशाप है। कहा वर्तमान में हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, लेकिन यदा कदा ही सही, पर अभी भी बाल विवाह हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बच्चों की बौद्धिक, शारीरिक व सामाजिक सभी प्रकार की सुरक्षा को खतरे में डालता है। इसके लिए सभी को सजग रहना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यह कुप्रथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न करती है और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य व आत्मनिर्भरता से वंचित करती है।

### बच्चों को दी कानून की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के नींबूचौड़ स्थित दिया दिव्यांग संस्था में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला जज रीना नेगी ने बच्चों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार से सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसको रोकने के लिए सभी का जागरूक होना आवश्यक है। कहा कि पोक्सो जैसा कानून होने के बाद भी व्यभिचारी जेल से छूट जा रहे हैं। नागरिकों को जागरूक होकर कानून की मदद करनी चाहिए। तालुका विधि सेवा समिति पौड़ी की प्रभारी सचिव न्यायमूर्ति सोनिया ने कहा कि दिव्यांगता के लिए कानून में विशेष प्रावधान हैं।समाज सेवी संस्थाओं को आगे आकर दिव्यांगों की मदद करनी चाहिए। संस्था अध्यक्ष कविता मलासी ने कहा कि संस्था वर्तमान में 66 दिव्यांगों को अध्ययन करवा रही है जिनमें से 13 बच्चे मातृ पितृ विहीन हैं। कार्यक्रम में सोहनलाल, सदस्य बाल कल्याण समिति पौड़ी राकेश चंद्र बिडालिया, समाज कल्याण अधिकारी संजीव पाल, रोशनी कुकरेती और शिखा अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# शिक्षक एसोसिएशन ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन, पौड़ी गढ़वाल के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण से उनके कोटद्वार स्थित आवास पर पहुंच कर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन अध्यक्ष जगदीश राठी ने छात्रवृत्ति से संबंधित मुद्दे पर संगठन द्वारा लंबे समय से चलाए जा रहे संघर्ष को शासन तक पहुंचाने व समाधान की दिशा में प्रयास करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्गों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति जीवन बदलने वाला एक साधन है, और इस दिशा में सकारात्मक पहल से हजारों बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा। मौके पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने



विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करते सदस्य

कहा कि वे संगठनों की समस्याओं व कोटद्वार के विकास को लेकर गंभीर हैं और इस पर गंभीरता से कार्य कर रही हैं। इस पर प्रतिनिधिमंडल ने विधान सभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। विधान सभा अध्यक्ष से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सोहन लाल, विजेंद्र आर्य, सुनील कुमार, योगेन्द्र शमशेर जंग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का मंच 9 जुलाई को करेगा देशव्यापी हड़ताल

नई टिहरी। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र सेक्टोरल फेडरेशनों के संयुक्त मंच की बैठक में हुए निर्णय में तय हुआ है कि आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल की जायेगी। जिसके तहत जनपद टिहरी में यह हड़ताल होगी। इस बैठक में पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले में 26 निदोष लोगों की हत्या और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई की पृष्ठभूमि में देश में उत्पन्न राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी विचार किया गया। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन समन्वय समिति उत्तराखंड जनपद टिहरी गढ़वाल संयोजक चिंतामणी थपलियाल ने बताया कि देशभर में वर्तमान परिस्थितियों पर गंभीरता से विचार करने के बाद, देश के जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते हुए संयुक्त मंच ने देशव्यापी आम हड़ताल की तिथि को 20 मई से बढ़ाकर आगामी 9 जुलाई करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन और श्रमिकों, किसानों तथा आम जनता की अन्य जायज मांगों के हक में लिया गया है। लेकिन अत्यंत दुखद है कि देश में आतंकवादी हमले और उससे उत्पन्न संवेदनशील स्थिति के बावजूद नियोक्ताओं का वर्ग, केंद्र और कई राज्यों की सरकारों के सहयोग से श्रमिकों पर हमले जारी रखे हुए हैं। कार्य के घंटे एकतरफा रूप से बढ़ाए जा रहे हैं। वैधानिक न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा लाभों का उल्लंघन किया जा रहा है। विशेष रूप से संविदा श्रमिकों की छंटनी बेरोक–टोक की जा रही है। यह सब बदनाम श्रम संहिताओं को चुपके से लागू करने के प्रयास हैं।

वहीं बार–बार आग्रह करने के बावजूद न तो सरकार ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों से मिलने की जहमत उठाई, न ही भारतीय श्रम सम्मेलन का आयोजन किया, जबकि देश के कोने–कोने से हड़ताल की नोटिसें दी जा चुकी हैं।

### शिक्षक संघ के नौटियाल अध्यक्ष और बगियाल बने मंत्री

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक राजकीय शिक्षक संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी गठन किया गया। जिसमें रजनीश नौटियाल को अध्यक्ष और कुशाल सिंह बगियाल मंत्री बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी प्रदीप चंद्र बलूनी व सहायक निर्वाचन अधिकारी बॉबी सिंह ने बताया कि कार्यकारिणी में पंकज कुमार को उपाध्यक्ष,सरोजनी ममगाईं महिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मी प्रसाद पुरोहित को संयुक्त मंत्री, नीलम नेगी को महिला संयुक्त मंत्री बनाया गया। खुशीराम नौटियाल को आय–व्यय निरीक्षक, संगठन मंत्री जल कुमार सैनी तथा मोहन सिंह पंवार को संरक्षक नामित किया गया।

# पेयजल संकट दूर करने को दलित परिवारों ने लगाई सीएम से गुहार

नई टिहरी। देवप्रयाग ब्लॉक की ग्राम पंचायत उनाना के 22 दलित परिवारों ने पेयजल संकट से निजात के लिए सीएम से गुहार लगाई है। दलित परिवारों के अनुसार उनके लिए दो बार टैंक बनाने को सर्वेक्षण किया गया, लेकिन यह टैंक किसी और स्थान पर बना दिया गया। देवप्रयाग की ग्रापं उनाना के नागराजा गैर नामी तोक में 22 दलित व 6 सामान्य परिवार निवास करते हैं। गांव से दूर इन परिवारों को 45 करोड़ की बागवान–हिंडोलाखाल–पेयजल योजना के पुनर्गठन में पेयजल का लाभ दिये जाना तय हुआ था। पूर्व प्रधान सीता देवी ने बताया कि, पेयजल से वंचित 28 परिवारों के लिए चौरीधार में जलनिगम, देवप्रयाग की ओर से 2019 व 2022 में टैंक निर्माण को लेकर सर्वेक्षण किया गया। नागराजा तोक निवासी सोबनलाल, देवेंद्रलाल, बिसुदास, हौसु दास, काल दास, गणेश दास, पद्मा देवी आदि के अनुसार, पेयजल टैंक बनने से उनको पानी आसानी से उपलब्ध होने की उम्मीद बन गयी थी। लेकिन जल निगम ने प्रभावशाली लोगों के दबाब में टैंक को तय स्थान के बजाय 4 सौ मीटर दूर बना दिया। यहां सिर्फ छह परिवारों का निवास है। दलित परिवारों ने जब इसका विरोध किया गया तो जल निगम ने उनके लिए दूसरा टैंक बनाये जाने की बात कही। लेकिन दो साल गुजर जाने के बाद भी जल निगम ने इस पर कोई काम नहीं किया। इस सम्बंध में जल निगम अधिकारियों से कई बार संपर्क किया गया मगर उनके द्वारा आश्वासन ही दिये जाते रहे।

ग्राम प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष रुकम सिंह बिष्ट ने बताया कि, पेयजल से वंचित 28 परिवारों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज की है। जिसमें सरकारी योजनाओ के लाभ से उन्हें वंचित किये जाने की जांच डीएम से करवाने व दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की गुहार लगायी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नई टिहरी पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

नई टिहरी। उत्तराखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन जनपद टिहरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का जिला मुख्यालय पंहुचने पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने स्वागत किया। पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक हितों के लिए वह लगातार संघर्षरत रहेंगे। रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर नेगी, मंत्री विजेंद्र पंवार सहित अन्य सदस्यों का नई टिहरी पहुंचने पर शिक्षकों, अन्य कर्मचारी नेताओं ने भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष नेगी ने उन्हें लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने पर सभी शिक्षकों का आभार जताया। कहा कि शिक्षक हितों के लिए शासन–प्रशासन स्तर पर संघर्ष करेंगे। एसीपी, प्रमोशन, चयन प्रोन्नत वेतनमान, ईएल, सीसीएल सहित अन्य समस्याओं के लिए सरकार और निदेशालय स्तर पर वार्ता की जाएगी। मौके पर प्रदेश शिक्षक संगठन के सदस्य प्रीतम बर्थवाल, गोविंद रावत, रोशन लाल शाह, राकेश चौहान, टीटी राणा, दिनेश रावत, अमित, सुनील चौहान, टीएचडीसी इडिया आफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र राणा, अनिल बौड़ाई, शमीम अहमद, वीडीओ बीएल राज, पार्वती पंवार, बर्फी रमोला, बीना रावत, हेमलता नेगी, रेनू राज, प्रतिमा रावत, रीता राय, जगदीश भट्ट, आबिद अहमद, धर्म नेगी, रमेश नेगी, बृजपाल रावत, धर्म गुसांई, यशवत चौहान, रंजन भंडारी, नरेन्द्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

### राजकीय शिक्षक संघ ने की समस्याओं के हल की मांग

चमोली। राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। शिक्षा मंत्री को दिए ज्ञापन में कहा कि एलटी से प्रवक्ता के 2269 पदों पर पदोन्नति सूची डीपीसी के लिए नवंबर 2021 में लोक सेवा आयोग को भेजी जा चुकी थी, लेकिन चार वर्ष व्यतीत ही जाने के बावजूद इन पदों पर डीपीसी नहीं हो पाई। उन्होंने इन पदों पर पदोन्नति आदेश हाईकोर्ट के निर्णयों के अधीन रखकर पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने अथवा अध्यादेश के जरिए पदोन्नतियां किए जाने की मांग की। जनपद चमोली के 128 राजकीय इंटर कॉलेजों में आठ प्रधानाचार्यों एवं 78 हाईस्कूलों में एक प्रधानाध्यापक की नियुक्ति की गई है जो कि कुल स्वीकृत पदों से काफी कम है। इन पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति कर पदस्थापना की जाए। वेतन विसंगति/कनिष्ठ वरिष्ठ एवं 7वें वेतनमान के अनुरूप चयन/प्रोन्नत वेतनमान में वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए एव तदर्थ/बेसिक से समायोजित शिक्षकों को आर्थिक लाभ दिया जाए। जनपद चमोली सीमांत एवं अति दुर्गम जिला है इसलिए यहां कार्यरत सभी शिक्षकों–शिक्षिकाओं को सीमांत मत्ता/दुर्गम भत्ता स्वीकृत किया जाए। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी, जिलामंत्री प्रकाश चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुंवर एवं आईएनए संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद तोपाल आदि उपस्थित रहे।

### न्यायालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के निर्देश पर सिविल जज अलका के नेतृत्व में रविवार को न्यायालय परिसर श्रीनगर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस दौरान न्यायालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में कूड़ा एकत्रित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।स्वच्छता अभियान में संरक्षक अनूप श्री पांथरी अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी उपाध्यक्ष जगजीत सिंह जयाडा सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, प्रियंका रॉय रोशनी रतूड़ी, निर्मल सिंह आदि शामिल थे।

### आयुष टीम ने सेनू गांव में लोगों को किया जागरूक

चमोली। शनिवार को राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय चमोला की आयुष टीम ने 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष्य में सेनू गांव में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में कोली तल्ली व सेनू के ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। वैद्य हिमांशु डिमरी ने वैदिक मंत्रों के स्वस्तिवाचन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। योग अनुदेशकों ने अनुलोम विलोम, भ्रामरी, भस्त्रिका, ताड़ासन, वृक्षासन का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में मातवर विश्वकर्मा, मंजू रतूड़ी, शारदा देवी, विकेश्वरी देवी व विद्यार्थियों ने सत्र में प्रतिभाग कर जीवन में प्रतिदिन योग करने का प्रण लिया। टीम में डॉ. हिमांशु डिमरी, संजोग कुमार, पवन चमोली, सतेंद्र कुमार, अमिता नेगी ने सत्र का आयोजन किया। मुख्य अतिथि विश्वकर्मा ने आयुष विभाग का आभार जताया।

# केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय ने किया साइकिल मैराथन का आयोजन





देहरादून। आगामी 1 जुलाई को जीएसटी की 8वीं वर्षगाँठ मनाई जाएगी और इसकी मुख्य थीम जीएसटी के 8 वर्ष : करों का सरलीकरण और नागरिकों का सशक्तीकरण है। इस से पूर्व जागरूकता हेतु सीजीएसटी आयुक्तालय, देहरादून द्वारा फिट इंडिया कैम्पेन के समन्वय में रविवार को एक साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। यह साइकिल मैराथन फिटनेस और कार्यबल के बीच एकता की भावना और देश में जीएसटी के कार्यान्वयन के महत्व को बताने के उद्देश्य से की गई।

इस साइकिल मैराथन का शुभारंभ सुबह 6.30 बजे महाराणा प्रताप चौक से जीएसटी आयुक्तालय के प्रधान आयुक्त शुभ चिंतन द्वारा झंडी दिखाकर किया गया और लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यह साइकिल मैराथन मालदेवता रोड पर पहुंचकर संपन्न हुई।

अपर आयुक्त अरूण कुमार गुप्ता एवं नितिन वापा, संयुक्त आयुक्त विवेकानंद मौर्य के नेतृत्व में सभी सीजीएसटी आयुक्तालय देहरादून तथा लेखा परीक्षा कार्यालय देहरादून के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा इस साइकिल मैराधन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगामी 8 वें जीएसटी दिवस की थीम के संदेश – जीएसटी के 8 वर्ष : करों का सरलीकरण और नागरिकों का सशक्तीकरण को मैराथन के माध्यम से जन –जन तक पहुंचाया।

# बिंदाल पुरुकुल 132 केवी लाइन का काम 30 मई तक होगा पूरा

देहरादून। देहरादून शहर के बिजली सप्लाई सिस्टम को मजबूत करने को बहुप्रतिक्षित 132 केवी बिंदाल पुरुकुल बिजली लाइन का काम 30 मई तक पूरा हो जाएगा। रविवार को एमडी पिटकुल के 132 केवी लाइन के चल रहे कार्यों के निरीक्षण के दौरान पिटकुल अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों ने 30 मई की डेडलाइन तक काम पूरा करने का दावा किया। एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी ने 132 केवी बिंदाल पुरुकुल लाईन में बिजली लाइन के अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य की प्रगति जानी। बताया गया कि 30 मई तक काम पूरा होने के बाद लाइन कनेक्ट हो जाएगी। एमडी पिटकुल ने कहा कि परियोजना से जुड़े अफसर सभी वैधानिक स्वीकृतियां तय समय के भीतर प्राप्त कर लें। विद्युत निरीक्षक का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाए। बिजली लाइन वाले क्षेत्रों में पड़ने वाले पेड़ों की शाखाओं और झाड़ियों की कटाई, छंटाई का काम बिजली लाइन ऊर्जीकृत करने से पहले ही पूरा कर लिया जाए। कहा कि 132 केवी बिंदाल पुरुकुल लाईन का निर्माण होने से 132 केवी सब स्टेशन बिंदाल को बैक अप आपूर्ति मिलेगी। सेना के महत्वपूर्ण अधिष्ठानों, कैंटोनमेंट एरिया, मुख्यमंत्री, राज्यपाल आवास समेत सम्बन्धित सचिवालय परिसर की बिजली आपूर्ति का सिस्टम मजबूत होगा। निरीक्षण के दौरान निदेशक परिचालन जीएस बुदियाल, अधीक्षण अभियंता पंकज चौहान, अधिशासी अभियंता आशुतोष सिंह, दीपक कुमार, राजेश गुप्ता मौजूद रहे। मौके पर अफसरों के मिलने पर एमडी नाराज एमडी पिटकुल ने 132 केवी जीआईएस सब स्टेशन आराघर का भी औचक निरीक्षण किया।

# शेराघाट में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

अल्मोड़ा, भूमिया देवता मंदिर भैंसियाछाना में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ पारंपरिक और धार्मिक उल्लास के बीच हुआ।

कथा आरंभ से पूर्व ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर सरयू नदी से पवित्र जल से भरे कलशों के साथ भव्य यात्रा निकाली, जिसमें क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रातः 8 बजे शुरू हुई कलश यात्रा बीणामहादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शेराघाट बाजार होते हुए भूमिया देवता मंदिर परिसर तक पहुंची। मार्ग में भक्तिमय माहौल रहा। विधायक मनोज तिवारी ने कलश यात्रा में सहभागी बनते हुए धार्मिक आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे यज्ञों से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, सामाजिक सौहार्द बढ़ता है और युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण के लिए सहयोग का आश्वासन भी दिया। यज्ञ का शुभारंभ यज्ञाचार्य पंडित कुलदीप उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि–विधान के साथ देवताओं के आह्वान से किया। भागवत कथा वाचक पंडित नवीन चंद उपाध्याय ने भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कथा श्रवण मात्र से ही व्यक्ति सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकता है। कथा के मुख्य यजमान मदन मोहन पांडे ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भागवत कथा में सहभागी बनने का आग्रह किया और बताया कि सात दिवसीय यह आयोजन 25 मई को हवन व भंडारे के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर भागवत कथा की प्रमुख आयोजक चंद्रा देवी पांडे द्वारा धार्मिक आयोजन हेतु छह लाख रुपये की नगद भेंट दी गई। चंद्रा देवी, जिन्हें क्षेत्रवासी स्नेहपूर्वक 'चंद्रा बूआ' कहते हैं, मात्र 18 वर्ष की आयु में विधवा होने के बाद से ही अपने मायके शेराघाट में मेहनत–मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हैं। उन्होंने पूर्व में भी कई धार्मिक आयोजनों में योगदान दिया है, जिसकी ग्रामीणों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता दरवान सिंह रावत, वसंत नेगी, हरीश डसीला, त्रिलोचन उप्रेती, मुख्य व्यवस्थापक नंदा वल्लभ पांडे, सुंदर मेहता, शिवमंगल पांडे, ग्राम प्रधान मोहन चंद जोशी, खीमानंद भट्ट सहित अनेक ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सेना के पराक्रम पर देश को गर्व : भट्ट

रुद्रपुर। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर रविवार को रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप में भाजपा ने तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया। फुटबॉल मैदान से शुरू हुई यह यात्रा कैम्प मोड़ होते हुए झील के पास संपन्न हुई। मुख्य अतिथि नैनीताल–ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट रहे। उन्होंने कहा कि सेना के पराक्रम पर देश को गर्व है। सांसद भट्ट ने कहा कि पुलवामा हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना पर देश को भरोसा था। ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों और सैन्य एयरबेस पर एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। भट्ट ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सेना के पराक्रम और साहस को नमन करने के लिए निकाली गई है।

# एम्स ऋषिकेश के डॉक्टर पर मिठाई बांटने के आरोप में केस दर्ज

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने एम्स ऋषिकेश के एक डॉक्टर के खिलाफ 23 अप्रैल को अस्पताल में कथित तौर पर मिठाई बांटने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपी ने पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद अस्पताल में कथित तौर पर मिठाई बांटी थी।

एक शिकायतकर्ता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया कि आरोपी डॉक्टर ने आतंकी हमले में पर्यटकों की जघन्य हत्याओं का जश्न मनाने के लिए मिठाइयां बांटी थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के ऋषिकेश अध्यक्ष राजेंद्र पांडे की शिकायत पर 16 मई को ऋषिकेश थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (1) (ए), 196 (1) (बी) (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न धर्मों के बीच दुश्मनी और वैमनस्य को बढ़ावा देना) और 197 (1) (ए) (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

शिकायत में राजेंद्र पांडे ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने 23 अप्रैल को हिंदुओं की हत्या का जश्न मनाने के लिए अस्पताल परिसर में मिठाई बांटी। जब किसी ने पूछा तो डॉक्टर का कहना था कि वह ईद की मिठाई बांट रहा है जबकि रमजान एक महीने पहले मनाया जा चुका था।

आरोप है कि डॉक्टर ने निदोष लोगों को मारने वाले आतंकवादियों का खुलकर समर्थन किया। शिकायतकर्ता की ओर से यह भी कहा गया है कि डॉक्टर ने पहले भी सोशल मीडिया पर भारत विरोधी टिप्पणियां की थीं। उनके कृत्य से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश है। ऋषिकेश पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि हमने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की छानबीन की जा रही है। जब ऋषिकेश पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार से पूछा गया कि क्या डॉक्टर से पूछताछ की गई है तो उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वहीं पश्चिम बंगाल के रहने वाले जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल की शाम को मैं इमरजेंसी ओटी में तैनात था, जब कुछ नर्सिंग अधिकारियों ने ईद के मौके पर मिठाई मांगी।

# जल संवाद कर जल संरक्षण को जागरूक किया

नई टिहरी। जल वर्ष 2025 के अवसर पर जनपद जीआईसी गालुड़धार के छात्रों के साथ विद्यालय द्वारा गोद लिए गए प्राकृतिक जल स्रोत पथियाना में हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान जाड़ी ने जल संवाद आयोजित किया। जिसमें जल संकट की चुनौतियों को लेकर छात्रों को जागरूक किया गया। जाड़ी संस्थान के द्वारा वर्ष 2025 को जल संकट के समाधान के लिए जल वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। संस्थान के द्वारा विद्यालयों में जल संवाद आयोजित किये जा रहा है। जाड़ी संस्थान के सचिव एवं कल के लिए जल अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने कहा कि जल संकट की चुनौती के समाधान के लिए छात्रों को प्रेरित करने के लिए विद्यालयों में जल संवाद आयोजित किया जा रहा है। वर्षा जल को संजोने एवं मिट्टी को बहने से रोकने के लिए छात्रों को प्रियजनों की याद में एवं अपने जन्मदिन पर कच्चे जल कुंड, कच्चे तालाब बनाने के लिए तैयार किया जा रहा है। कल के लिए जल अभियान से जुड़े विद्यालय के शिक्षक नरेश बिजलवान ने कहा कि अभियान से प्रेरित होकर हमने विद्यालय के समीप पथियाना जल स्रोत को पुनर्जीवित एवं संरक्षित करने के लिए गोद लिया गया। छात्रों को जल स्रोत का डिसचार्ज लेना सिखाया गया। धारे का हर महीने डिस्चार्ज लिया जा रहा है। मासिक सफाई के साथ धारे के कैचमेंट एरिया में जिन लोगों की बंजर जमीन है। उनसे जल कुंड बनाने के लिए बातचीत की जा रही है। सहमति बनती है फिर जल कुंड एवं कच्चे तालाब का निर्माण किया जाएगा। स्कूल के प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा ने कहा कि यह एक बेहतरीन कार्यक्रम है। इसके सुखद परिणाम भविष्य में देखने को मिलेगा। इस अवसर पर दीपक कुमार, महावीर नेगी, जेपी जुयाल आदि मौजूद रहे।

### युवक पर फायर झोंकने का वीडियो वायरल, तहरीर दी

रुद्रपुर। पहाड़गंज क्षेत्र में शुक्रवार रात एक युवक पर फायर झोंकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। जानकारी अनुसार, पहाड़गंज निवासी सद्दाम ने पुलिस को बताया कि 16 मई की रात 11 बजे वह दोस्तों के साथ खाना खाकर टहल रहा था। मोहल्ले में रहने वाले युवक ने साथियों के साथ उसे घेर लिया। आरोप है कि इस दौरान उस पर लोहे की राड और तमंचे की बट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वह किसी तरह मौके से भागने की कोशिश करने लगे। आरोप है कि इस पर हमलावरों ने उनकी तरफ तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें वह बाल–बाल बचा और जिला अस्पताल जाकर अपना उपचार करवाया। रमपुरा चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# डीएम इलेवन बनाम अल्मोड़ा पुलिस का रोमांचक क्रिकेट मुकाबला टाई पर समाप्त

अल्मोड़ा। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में रविवार को डीएम इलेवन और अल्मोड़ा पुलिस के बीच खेले गए मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में रोमांच चरम पर रहा, लेकिन अंततः मुकाबला टाई पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। टॉस जीतकर डीएम इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

टीम की शुरुआत हालांकि अपेक्षित नहीं रही, और जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय मात्र 5 रन बनाकर आउट हो गए। शुरुआती झटकों के बाद उपजिलाधिकारी द्वाराहाट सुनील कुमार राज ने 63 रन की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को संभाला। सागर बिष्ट ने तेज़तर्रार 22 रन बनाए जबकि अंकित बड़ौनी और सुंदर कुमार ने क्रमशः 14 और 13 रन का योगदान दिया। डीएम इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। जवाबी पारी में अल्मोड़ा पुलिस की शुरुआत भी डगमगाती नजर आई। लेकिन चंदन पीनारी ने 16 गेंदों में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच में जान भर दी। मदन मोहन ने 26 रन जोड़ते हुए उनका साथ दिया। एक समय ऐसा लगा कि अल्मोड़ा पुलिस की टीम आसानी से लक्ष्य तक पहुंच जाएगी, लेकिन 18वें ओवर में सागर बिष्ट की शानदार गेंदबाजी ने मैच का रुख पलट दिया। उसी ओवर में टीम ने तीन अहम विकेट गंवाए और पूरी टीम 140 रन पर ऑल आउट हो गई।

## राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर हुई गोष्ठी

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा रविवार को भारत का उभरता राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य विषय पर गोष्ठी का आयोजन चौरास परिसर में हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की चर्चा करते हुए भारत के सामने उभरते खतरों साइबर हमलों, भूराजनीतिक तनावों, सीमा संघर्षों तथा आतंकवाद के मूल कारणों पर प्रकाश डाला। इस दौरान पहलगाम में हुए आतंकी हमले का संदर्भ देते हुए आतंकवाद की विचारधारा और पाकिस्तान की भूमिका पर गहन चर्चा की गई।

वक्ताओं ने जोर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना और सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। आमजन की सहभागिता और सतर्कता देश को संभावित खतरों से बचा सकती है। विज्ञान, तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा संसाधनों में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। केंद्र के समन्वयक प्रो . एम.एम. सेमवाल ने युवाओं की भूमिका, राष्ट्रहित और सुरक्षा को जोड़ते हुए ऐतिहासिक दृष्टांतों के माध्यम से विषय को समेटा। उन्होंने "आत्मनिर्भर भारत", अनुसंधान एवं विकास, बजट नियोजन और मजबूत आंतरिक नीतियों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के आवश्यक उपायों के रूप में बताया। कार्यक्रम का संचालन पूजा शाह ने किया। इस मौके पर सुमन कुमार, अभिषेक सैनी, हिमांशु कुमार, राहुल कुमार साहू, आशीष विश्वकर्मा,शैलजा , डा आशीष बहुगुणा एवं डॉ. प्रकाश कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

# आतंक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर खुशी

बागेश्वर। वरिष्ठ नागिरक जन कल्याण न्यास की बैठक में पहलगाम में पर्यटकों के मारे जाने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। साथ ही आतंक के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर खुशी जताई। सेना के पराक्रम को सभी ने सलाम किया। इस दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। बागनाथ पैलेस में रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आतंक के नाम पर हमारे देश में जहर घोलने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई हो। हमारे सैनिक आतंकवाद का खात्मा करने का पूरा दम रखते हैं। वक्ताओं ने न्यास को मजबूत करने का संकल्प लिया। कहा कि न्यास से जुड़े भी लोग अपनी जीवनी लिखकर न्यास को देखें। इसका प्रकाशत कर एक दस्तावेज के रूप में संजोया जाएगा। संचालन करते हुए सचिव बालादत्त जोशी ने न्यास के सभी सदस्यों का आभार जताया। न्यास के पास दो लाख रुपये की बचत है। वह खुद न्यास को दस हजार रुपये देंगे। अर्जुन बनकोटी ने सुझाव दिया कि बैठक में जितने भी प्रस्ताव पास हुए हैं, उन्हें शासन व प्रशासन को सौंपा जाएगा। हरीश सोनी ने बताया कि 29 मई को सीनियर सिटिजन के मंत्री बागेश्वर आ रहे हैं। उन्हें मांग पत्र सौंपा जाएगा। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष दलीप खेतवाल ने कहा कि न्यास को पहले से अधिक मजबूत बनाया जाएगा, तांकि सीनियर सिटिजनों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। केश्वानंद जोशी, चंदन नगरकोटी, प्रवीण दफौटी आदि ने अपने–अपने सुझाव रखे। इस मौके पर इंद्र सिंह परिहार, शेर सिंह धपोला, नवल किशोर जोशी, चरण सिंह बघरी आदि मोजूद रहे।

### बारिश से तापमान में 4 डिग्री की गिरावट

रुद्रपुर। रविवार सुबह की बारिश से तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। सोमवार और मंगलवार को भी बूंदाबांदी की संभावना है।

रविवार सुबह से ही बादल छाये रहे और करीब नौ बजे बारिश हुई। इससे रविवार का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार का अधिकतम 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री रहा था।

### संघर्ष वाहिनी ने प्रदर्शन कर यूपीसीएल के मीटर तोड़े

बागेश्वर। जिले में स्मार्ट मीटरों का विरोध होने लगा है। बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने इसके विरोध में प्रदेश सरकार और यूपीसीएल का पुतला दहन किया।

साथ ही यूपीसीएल के मीटर भी तोड़े। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर के बहाने लोगों को चूना लगाने की साजिश रची जा रही है। संघर्ष वाहिनी इसे कतई सहन नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता रविवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। नाराज लोगों ने उत्तराखंड सरकार और यूपीसीएल का पुतला दहन किया। जोशी ने कहा कि पूरे प्रदेश में लगभग 19.5 लाख यूपीसीएल के उपभोक्ता मौजूद हैं और उनसे लगभग 15 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के रूप में 2500 करोड़ रुपये अवैध चार्ज के रूप में लगातार कई सालों से वसूल रहा है। उसके ऊपर से अब स्मार्ट मीटर की आड़ में जनता को पूरे तरीके से चूना लगाने की साजिश की जा रही है।

# रुद्रपुर ग्रामीण क्षेत्र को जल्द मिलेगा नया बिजलीघर

रुद्रपुर। समीक्षा बैठक विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की चर्चा रुद्रपुर( आरएनएस)। गर्मियों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कहा कि तेज गर्मी और आंधी–तूफान के समय बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो। यदि बाधित होती है तो तय समयसीमा में पुनः बहाल की जाए। विधायक ने कहा कि सिडकुल स्थापना के बाद रुद्रपुर का औद्योगिक और जनसंख्या विकास तेजी से हुई है। बढ़ती जरूरतों को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में नया बिजलीघर स्थापित किया जाना जरूरी है।

बताया इस दिशा में काम प्रारंभ हो चुका है। जल्द विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों को नया बिजलीघर मिल जाएगा। विधायक ने विभाग को शहर में शत–प्रतिशत इंसुलेटेड वायर लगाने का काम करने के निर्देश दिए, जिससे बिजली चोरी पर रोक लगे और करंट जैसी दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। कहा जिन क्षेत्रों में लोड अधिक है और ट्रांसफार्मर की क्षमता कम है, वहां नए उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएं ताकि बार–बार ट्रिपिंग और ट्रांसफार्मर खराबी की समस्या समाप्त हो। यहां एसडीओ अंशुल मदान, एसडीओ प्रकाश शाह, संजय कुमार, जेई कुलदीप, जेई सुभाष शर्मा, पारुल चौधरी, जेई कुशवाहा, शुभम आदि रहे।

# 16वें वित्त आयोग की टीम पहुंची देहरादून

देहरादून। 16वें वित्त आयोग की टीम, आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में रविवार को देहरादून पहुंच गई है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में राज्य सरकार की ओर से आयोग के सामने अपना प्रस्ताव रखा जाएगा। टीम दोपहर बाद नगर निकाय, पंचायत प्रतिनिधियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेगी।आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व वाले इस दल में आयोग सदस्य श्रीमति एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, सौम्या कांतिघोष आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव केके मिश्रा, संयुक्त निदेशक सुश्री पी अमरूथावर्षिनी शामिल हैं। रविवार को ओल्ड मसूरी रोड स्थित होटल हयात रीजेंसी



पहुंचने पर टीम का ढोल दमाऊ की थाप पर पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। टीम सोमवार को विभिन्न स्तर पर राज्य के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से विचार विमर्श करेगी।

इसी क्रम में आयोग की टीम सोमवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। जिसमें राज्य सरकार द्वारा अपनी तैयारियों को रखा जाएगा। इसके बाद आयोग की टीम मसूरी रोड स्थित होटल में नगर निकाय, त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेगी। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भी अध्यक्ष वित्त आयोग और सदस्यों का जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने पर स्वागत किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस अधिकारी—कर्मचारी सम्मानित

रुद्रपुर। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जिले के सभी थानाध्यक्षों को थाने में आने वाले किसी भी व्यक्ति से तू या तुम का प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जगह आप का प्रयोग करें। वहीं अधिकारियों को पीड़ति और अपराधियों के बीच अंतर करना सीखने की हिदायत दी है। इस दौरान 15 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रविवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान एसएसपी ने जिले के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों को यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निदेश दिए।कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करें। नशे और साइबर अपराध से बचाए जाने के लिए जागरूकता अभियान चला लोगों को जागरूक करें। जबकि सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट के तहत ऑनलाईन जीडी और सभी पोर्टलों को शत प्रतिशत भरा जाए। लंबित मामलों, अभियोगों, विवेचनाओं और शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने बीते माह में अपनी ड्यूटी के दौरान मादक पदार्थों की बरामदगी और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 15 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सीओ सिटी प्रशांत कुमार, रुद्रपुर कोतवाल मनोज रतूड़ी, ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडे आदि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338